सावन, मास , वर्ष-10, अंक 130, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
प्रयागराज, सोमवार 29 जुलाई, 2024
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित
Adhunik Samachar
नगर संस्करण
10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश
# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन


अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25


श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही


श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज


इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480





## प्रदेश आस/पास




# घनी आबादी में चल रहे कारखाने से फैल रहा प्रदूषण से परेशान मोहल्ले वालो ने किया विरोध

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** घनी आबादी के बीच





चल रहे कारखाने की भट्ठी से होने वाले प्रदूषण से लोग बीमार हो रहे हैं। प्रदूषण से बीमार होने वालों में बच्चों की संख्या अधिक है। मुहल्ले वालों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। शिकायत के बाद जांच में पहुंची प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम कारखाने में मचा हड़कंप। कारखाना संचालक ने मोहल्ले वालों को धमकाते हुए थाने में की शिकायत तो मोहल्ले के लोगों ने भी अपनी शिकायत को लेकर दर्जनों की संख्या में रविवार को सुबह फाफामऊ थाने पर पहुंच कर विरोध किया। मामला फाफामऊ थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध का पूरा कालोनी का है। लोगों का आरोप है कि यहां स्थित कारखाने में भट्ठी बिना अनुमति से अवैध रूप से चलाई जा रही है। भट्ठी से निकलने वाले धुएं से लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। बच्चों पर धुएं का सबसे बुरा असर पड़ रहा है। कई बच्चे अस्थमा के मरीज हो गए हैं। उनका उपचार भी चल रहा है। मुहल्ले वालों का कहना है कि उन्होंने कारखाना स्वामी से कारखाना बंद करने को कहा था लेकिन फिर भी कारखाना बंद नहीं किया गया। और वह एक के बाद एक कारखाने को बढ़ावा दे रहे हैं। लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में भी कारखाना बंद करवाए जाने की मांग की थी लेकिन इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। दिन - रात इसे संचालित किया जाता है। अब लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शिकायती पत्र भेजकर कारखाना बंद करवाए जाने की मांग की है, जिसमें लोगों ने अधिकारियों पर भी कारखाना स्वामी से मिलीभगत करने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में आशीष यादव, सुरेंद्र मिश्रा (वकील), आलोक सिंह, रामाश्रय भारतीय (पूर्व प्रधान), रंजीत यादव, राज बाबू सोनी, मुकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, अभिषेक यादव, अनिल कुमार, विवेक यादव, रवि केसरवानी, गोपाल सोनी, राजन मिश्रा, जय सिंह है।

# गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी के सियासी भविष्य पर फैसला सबकी निगाह हाईकोर्ट के आदेश पर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी के राजनैतिक



भविष्य पर फैसला सोमवार को आ सकता है। गैंगस्टर के मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर अर्जी पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। सोमवार को इस पर फैसला आ सकता है। दो साल से ज्यादा सजा होती है तो अफजाल की संसद सदस्यता पर भी संकट आ सकता है। गैंगस्टर मामले में चार गाजीपुर के सपा सांसद अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने के मामले पर हाईकोर्ट में सोमवार को फैसला सुनाया जाएगा। कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद चार जुलाई को फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत कर रही है। गौरतलब है कि अफजाल अंसारी को गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने कृष्णानंद हत्याकांड के बाद लगाई शुरू हुए गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ अफजाल अंसारी ने सजा को रद्द करने और राज्य सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे ने सजा बढ़ाने की अपील हाइकोर्ट में दाखिल की थी। इसके पहले अफजाल की अपील हाइकोर्ट ने खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।सुप्रीम कोर्ट ने सजा को निलंबित करते हुए फिर से सुनवाई के लिए मामले को हाइकोर्ट वापस भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई सुनवाई के बाद अदालत ने चार जुलाई को फैसला सुरक्षित किया था। अफजल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी, दयाशंकर मिश्रा और उपेंद्र उपाध्याय ने बहस करते हुए तर्क दिया था कि कृष्णानंद राय हत्याकांड के कारण शुरू हुए गैंगस्टर की कार्रवाई अवैधानिक है, क्योंकि अफजाल अंसारी कृष्णानंद राय हत्याकांड से बरी हो चुके हैं।

# पुलिस टीम और फायर सर्विस टीम के अथक प्रयास से 01घंटे मे आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** लगभग 09 बजे रात्रि कन्ट्रोल रुम द्वारा पहलवान जूस कॉर्नर करेली में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई सूचना के आधार पर सीएफओ, एफएसओ और 02फायर टेंडर के सहित मौके पर पहुंच कर तवरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम और फायर सर्विस टीम के अथक प्रयास से 01 घंटे में आग पर पुर्ण रुप से काबू पाया गया आग से उपरी मंजिल और अगल बगल की दुकानों को पूर्ण रूप से बचा लिया गया आग से कोई जनहानि नही हुई स्थल पर कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।



# श्रावण मास के पवित्र महीने श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** रविवार को श्रावण मास के पवित्र महीने में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज द्वारा श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी आत्म प्रकाश यादव के नेतृत्व में स्वच्छता हेतु जन जागरण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया दारागंज से आए विशेष अतिथि सोमनाथ मिश्रा, कैलाश दत्ता, सूरज श्रीवास्तव ने संस्था के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पिछले सात वर्षों से आप सभी निस्वार्थ गंगा सेवा एवं मंदिरों की सेवाएं स्वच्छता अभियान चलाकर निरंतर कर रहे हैं। जो की धरातल पर दिखाई पड़ता है, यही सच्ची सेवा है सनातन धर्म के प्रति। संस्था के छोटे स्वयंसेवक उज्जवल यादव ने स्वच्छता के प्रति आम जनमानस से मंदिर परिसर में स्वच्छता रखने हेतु अपील की। कार्यक्रम में सर्वश्री मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, डॉ एस.बी. यादव,ऋषि दीक्षित, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, संदीप केसरवानी,विनोद गुरानी, प्रवीण तिवारी, आर्यन यादव,सनी यादव, सौरभ यादव, गौरव यादव,कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# यूपी रोडवेज ने प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ के लिए शुरू किया अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** यूपी रोडवेज की बसों में पॉलिथीन मुक्त महा कुंभ मेला स्टीकर लगाए जाने के अभियान की शुरुआत रविवार को सिविल लाइंस बस स्टेशन से हुई। रोडवेज के अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा सभी कर्मचारियों को पॉलिथीन मुक्त और पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया। यूपी रोडवेज की ओर से सिविल लाइंस रोडवेज पर आयोजित कार्यक्रम में पॉलिथीन मुक्त महाकुंभ का संकल्प लिया गया। यात्रियों से पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने का निणर्य लिया गया। यूपी के सभी बसों में पॉलिथीन महाकुंभ मेला 2025 का स्टीकर लगाए जाने की शुरुआत की। सिविल लाइंस रोडवेज परिसर में खड़ी सभी बसों में स्टीकर लगाया गया। यूपी रोडवेज की बसों में पॉलिथीन मुक्त महा कुंभ मेला स्टीकर लगाए जाने के अभियान की शुरुआत रविवार को सिविल लाइंस बस स्टेशन से हुई। रोडवेज के अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा सभी कर्मचारियों को पॉलिथीन मुक्त और पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि यूपी की सभी बसों में स्टीकर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष महाकुंभ लगने वाला है।

# होटल मैनेजर ने किराया मांगा तो दबंग ने किया हमला, घटना सीसीटीवी में कैद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** सिविल लाइंस के एक होटल में उस समय हड़कंप मच गया जब होटल में ठहरे एक व्यक्ति समय हड़कंप मच गया जब होटल में ठहरे एक व्यक्ति ने मारपीट शुरू कर दी। एक व्यक्ति अपने परिवार संग होटल का कमरा किराए पर



ने मारपीट शुरू कर दी। एक व्यक्ति अपने परिवार संग होटल का कमरा किराए पर ले रखा था, वहीं होटल के मैनेजर ने उस व्यक्ति से कमरे का किराया को मांगा जिससे वह दबंग व्यक्ति आग बबूला हो गया। सिविल लाइंस स्थित एक होटल में रविवार को एक मैनेजर पर हमला कर दिया गया। एक दबंग किस्म का व्यक्ति परिवार के साथ होटल में ठहरा हुआ था। मैनेजर ने उससे किराया मांगा तो वह आग बबुला हो गया। बहस के दौरान ही उसने मैनेजर पर हमला कर दिया। इससे मैनेजर को चोटे आई हैं। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। सिविल लाइंस के एक होटल में उस ले रखा था, वहीं होटल के मैनेजर ने उस व्यक्ति से कमरे का किराया को मांगा जिससे वह दबंग व्यक्ति आग बबूला हो गया और मैनेजर से क्रोधित होकर बहस करने लगा। मैनेजर ने उस दबंग व्यक्ति को समझने की कोशिश की लेकिन दबंग व्यक्ति ने तुरंत ही मैनेजर को हाथ से थप्पड़ मार कर गिरा दिया और किसी धारदार हथियार से उसके ऊपर प्रहार कर दिया। हमले में मैनेजर बुरी तरह जख्मी हो गया। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दबंग व्यक्ति को हिरासत में लेकर थाने गई। मैनेजर को उपचार के लिए अस्पताल भेजा दिया गया।

# इनर रिंगरोड के तीसरे चरण की परियोजना पर होगा काम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।**मंत्री ने राम वनगमन पथ, जसरा बाईपास, मलाक हरहर से गंगा नदी पर बनने वाले सिक्स लेन पुल के निर्माण कार्य, रायबरेली-प्रयागराज फोरलेन निर्माण कार्य, रिंग रोड़, रायबरेली-अयोध्या मार्ग, मछलीशहर-भदोही मार्ग, भदोही-जौनपुर मार्ग एवं अन्य निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की अधिकारियों से जानकारी ली। कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से अवश्य पूर्ण करा लिए जाएं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने शनिवार को इसके लिए एनएचएआई के अफसरों को डीपीआर बनाने का निर्देश दिया। महाकुंभ से पहले एक चरण में काम पूरा कराने की योजना है। जबकि, दूसरे चरण का काम कुंभ के बाद होगा।











DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE
URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST , SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk in Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degrees
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879

# देश/विदेश




# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में हुई भाजपा के सभी मुख्यमंत्रियों की बैठक, कल भी चलेगा मंथन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नीति आयोग शासी निकाय की बैठक में शामिल न होकर विपक्ष ने विकसित भारत के मोदी सरकार के लक्ष्य में असहयोग का बिगुल भले ही फूंक दिया हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र




मोदी डबल इंजन सरकार के सहारे अपने संकल्प रथ को गति देने के लिए तैयार हैं। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में शुरू हुई भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की दो दिवसीय बैठक में पार्टी का जोर इसी पर है। हर राज्य की ओर से विकास का खाका पेश किया जाना है। बैठक को प्रधानमंत्री भी संबोधित करेंगे। केंद्र में लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद यह पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं। शनिवार शाम को पीएम के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पार्टी मुख्यालय पहुंचे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सबसे पहले प्रधानमंत्री का तीसरी बार लगातार विजय के लिए अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक के उद्देश्य पर विचार रखा।

### रेस्टोरेंट में चोरी करने पहुंचा शख्स, हाथ लगी निराशा और 20 रुपये रखकर वापस चला गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आपने आज तक चोरी की तमाम तरह की घटनाएं सुनी होंगी, लेकिन ऐसा शायद ही सुना हो कि चोर खुद पैसे रखकर चला आया। सोशल



मीडिया में एक ऐसी ही अनोखी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। घटना तेलंगाना के महेश्वरम की बताई जा रही है। दरअसल वायरल वीडियो में सीसीटीवी फुटेज के कुछ अंश हैं, जिसमें एक नकाबपोश चोर रेस्टोरेंट में दाखिल होता है। वह बहुत देर तक इधर-उधर कुछ ढूंढता है, लेकिन उसे कुछ नहीं मिलता। वह निराश हाव-भाव से फ्रिज से पानी निकालकर पीता है। इसके बाद वह कैमरे की तरफ झुंझलाहट से देखता है और पानी पीकर जाने लगता है।ख्रद सोशल मीडिया में चोरी की एक अनोखी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक शख्स चोरी करने के इरादे से एक रेस्टोरेंट में घुसता है लेकिन उसे वहां ले जाने के लिए कुछ नहीं मिलता है। इसके बाद वह झुंझलाहट में 20 रुपये का नोट टेबल पर रखकर वहां से चला जाता है। घटना तेलंगाना के महेश्वरम की बताई जा रही है। जानिए पूरा वाकया। चोर तुरंत फिर वापस आता है और कैमरे की तरफ 20 रुपये का नोट दिखाकर टेबल पर रख देता है और इशारा करता है कि ये पानी के हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने घटना का वीडियो शेयर किया है। साथ ही उसने पोस्ट में लिखा, 'नकाबपोश चोर ने सीसीटीवी पर अपनी निराशा दिखाई, क्योंकि महेश्वरम में जिस भोजनालय को उसने लूटने की कोशिश की, उसमें उसे कोई रकम नहीं मिली। उसने फ्रिज से पानी की बोतल के लिए 20 रुपये का नोट छोड़ा और बाहर चला गया।

## बेंगलुरु के हॉस्टल में क्यों की गई महिला की हत्या बाल पकड़कर चाकू से किया वार सीसीटीवी फुटेज से नए खुलासे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक छात्रावास की हत्या का मामला तूल पकड़ रहा है। आरोपी को




पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और माना जा रहा है इस मामले में मृतका कृति की हत्या का कारण उसकी रूममेट ही है। अब इस घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया, हमलावर को पेइंग गेस्ट आवास के गलियारे में चलते हुए दिखाया गया है जहां कृति कुमारी रहती थी। सीसीटीवी फुटेज में अभिषेक हाथ में प्लास्टिक बैग पकड़े हुए कृति के कमरे की ओर जाते हुए दिख रहा है अभिषेक दरवाजा खटखटाता है और कमरे में एंट्री करता है। इसके तुरंत बाद, अभिषेक उसे बाहर खींचते हुए दिखाई देता है और कृति उसके चंगुल से निकलने के लिए भागने की कोशिश करती है।एक हाथ में चाकू थामे अभिषेक कृति की गर्दन पकड़ लेता है। कृति भागने में असफल रहती है, और हमलावर उस पर चाकू से वार करने में सफल हो जाता है। कृति के गिरने के बाद भी हत्यारा उसके बाल पकड़कर उस पर चाकू से वार करता है। फिर वह उससे एक कदम दूर जाता है, और उसे भी सांस लेता हुआ देखने के बाद, भागने से पहले वह फिर से उसका गला काटने की कोशिश करता है। पीजी में मौजूद अन्य महिलाएं बाहर निकल गईं और कृति को देखते ही उनमें से एक ने अपने सेल फोन से पुलिस को कॉल किया। बता दें कि आरोपी अभिषेक और उसकी गर्लफ्रेंड अक्सर बेरोजगारी के विषय पर बात करते थे और ये बहस अक्सर लड़ाई में तब्दील हो जाती थी। गर्लफ्रेंड की रूममेट कृति दोनों का बीच-बचाव करने के लिए इसमें शामिल हो जाती थी और स्थिति को और खराब कर देती थी। इसको लेकर कई बार पीड़ि़ता कृति ने आरोपी की गर्लफ्रेंड को समझाया भी था कि वह उस इंसान से दूरी बना ले। कुछ दिनों बाद कृति और उसकी रूममेट दोस्त दोनों एक दूसरे से दूर रहने लगे। इसके बादअभिषेक पीजी हॉस्टल में आया और हंगामा किया जिसके बाद कृति कुमारी ने अपने दोस्त को नए पीजी हॉस्टल में शिफ्ट करने में मदद की और दोनों ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया।

## नीति आयोग की बैठक में नहीं पहुंचे 10 राज्यों के सीएम; सीईओ ने कहा- जिसने हिस्सा नहीं लिया, उसका ही नुकसान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक हुई। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने जानकारी दी कि शासी परिषद की बैठक में बिहार और केरल समेत 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। वहीं 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप-राज्यपाल ने बैठक में हिस्सा लिया। विधानसभा सत्र में व्यस्त होने के कारण बिहार के सीएम नीतीश कुमार बैठक में शामिल नहीं हो सके। बिहार समेत 10 राज्यों के सीएम नीति आयोग की बैठक में नहीं पहुंचे। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बैठक में हिस्सा लिया। मगर माइक बंद करने का आरोप लगा बैठक से बाहर निकल आईं। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने बैठक से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बैठक में हिस्सा नहीं लेने वाले राज्यों का ही नुकसान है। बीवीआर सुब्रमण्यम बताया कि बैठक में शामिल नहीं होने वालों में राज्यों में बिहार, केरल के अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पुडुचेरी शामिल हैं। सुब्रमण्यम ने कहा कि अगर उन्होंने भाग नहीं लिया तो यह उनका नुकसान है बीवीआर सुब्रमण्यम ने बैठक की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी को खत्म करने पर चर्चा हुई। राज्यों के विकास को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है और उसमें कैसे योगदान दिया जा सकता है? इसको लेकर ही यह बैठक आयोजित की गई थी। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों से प्रतिक्रिया मिलने के बाद आयोग अगले 45 दिनों में 'विजन इंडिया एट 2047' दस्तावेज को अंतिम रूप देगा। ममता के दावे पर सीईओ ने क्या कहा ममता बनर्जी के दावे पर सीईओ ने कहा कि उन्होंने दोपहर के भोजन से पहले बोलने का मौका देने का अनुरोध किया था। इसे स्वीकार कर लिया गया था। हालांकि राज्यों के नाम के हिसाब से उनकी बारी दोपहर में आती। जब ममता बनर्जी का समय समाप्त हुआ तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बस माइक थपथपाया। इस पर उन्होंने बोलना बंद कर दिया और बाहर चली गईं। हालांकि पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारी बैठक में शामिल थे




एफडीआई के लिए प्रतिस्पर्धा करें राज्य बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का जिक्र करते हुए नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा कि पीएम मोदी चाहते हैं कि राज्य एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) के लिए प्रतिस्पर्धा करें, ताकि निवेश सभी राज्यों तक पहुंच सके। बैठक में आबादी के प्रबंधन और गरीबी को समाप्त करने पर भी चर्चा हुई।सुब्रमण्यम के मुताबिक प्रधानमंत्री चाहते हैं कि राज्य जिलों को मजबूत बनाने पर अधिक खर्च करें, ताकि वे विकास को गति दे सकें। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए प्राथमिकता के आधार पर गरीबी को खत्म करने का सुझाव दिया। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि हमें गरीबी से गांव के स्तर पर निपटने की जरूरत है।

## बन गया जम्मू में आतंक को खत्म करने का प्लान ओडिशा से तत्काल रवाना हुए बीएसएफ के दो हजार जवान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सरकार ने ओडिशा से दो हजार से अधिक जवानों वाली सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की दो बटालियनों को भारत-पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद प्रभावित जम्मू



क्षेत्र में तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि वहां सुरक्षा बढ़ाई जा सके। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जम्मू क्षेत्र में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर दोनों इकाइयों को नक्सल विरोधी अभियान ग्रिड से तत्काल जम्मू स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया सुरक्षा प्रतिष्ठान के अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की इन दोनों इकाइयों को जम्मू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहले से अग्रिम पंक्ति पर तैनात इसकी इकाइयों के पीछे रक्षा की 'दूसरी पंक्ति' के रूप में तैनात किया जाएगा, ताकि सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ और अंदरूनी इलाकों में उनके द्वारा किए जाने वाले हमलों को रोका जा सके। सूत्रों ने बताया कि इन दोनों इकाइयों के जवानों को सांबा और जम्मू-पंजाब सीमा के पास तैनात किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि हाल में दिल्ली और जम्मू में शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की दो बैठकों में जम्मू में बीएसएफ की तैनाती बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया था। मलकानगिरी और कोरापुट से दो इकाइयों को हटाया जा रहा नक्सल विरोधी अभियान तेज करने के लिए ओडिशा से बीएसएफ की दो बटालियनों को छत्तीसगढ़ भेजे जाने का प्रस्ताव था, लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए इन इकाइयों को अब जम्मू भेजा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर ओडिशा के मलकानगिरी जिले से एक बीएसएफ बटालियन और कोरापुट जिले से एक बटालियन को हटाया जा रहा है। 2,289 किमी से अधिक लंबी सीमा की रक्षा करती है बीएसएफ इन दोनों इकाइयों को हटाए जाने से पहले दोनों जिलों में चार-चार बटालियनें थीं, जिन्हें नक्सल विरोधी अभियान के तहत तैनात किया गया था। बीएसएफ भारत के पश्चिमी भाग में जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात से लगी 2,289 किलोमीटर से अधिक लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करता है। जम्मू क्षेत्र में इस सीमा का 485 किलोमीटर हिस्सा है, जो घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है।जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के पास करीब एक दर्जन बीएसएफ बटालियन तैनात हैं। राजौरी, पुंछ, रियासी, उधमपुर, कठुआ और डोडा जिलों में इस वर्ष हुए आतंकवादी हमलों के बाद जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इन हमलों में 11 सुरक्षाकमिर्यों और एक ग्राम रक्षा गार्ड सदस्य सहित 22 लोग मारे गए हैं। पिछले महीने कठुआ और डोडा जिलों में दो मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए थे।

## महाराष्ट्र में कई शहरों में भारी बारिश से परेशानी, यूपीएमपी सहित छह राज्यों में आईएमडी का अलर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देश में इस वक्त मानसून चरम पर है, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश से लेकर हिमाचल तक जमकर बारिश हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ दिनों से जमकर बारिश हो रही है मौसम के कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 28 से लेकर 31 तक छत्तीसगढ़ कोंकण और गोवा और मध्य महाराष्ट्र में भी तेज बारिश की संभावना है। 28 को पूर्वी मध्य प्रदेश और 28 से लेकर 31 तक छत्तीसगढ़, कोंकण और



विभाग के मुताबिक,दिल्ली-एनसीआर में आज भी दिनभर बादल छाए रहने के आसार हैं और बारिश होने की संभावना है, इसको लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है महाराष्ट्र के कोल्हापुर में भारी बारिश के कारण जिले में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी कल अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश हुई। 28 से 31 जुलाई तक पश्चिम मध्य प्रदेश और विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।उत्तर भारत के राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में आज बादल के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं आज से लेकर अगले चार दिन तक ने देश गोवा और मध्य महाराष्ट्र में भी तेज बारिश की संभावना है। 29 से 31 तक मराठवाड़ा और आज से अगले चार दिन गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में तेज बारिश के आसार हैं वहीं हिमाचल प्रदेश, हरियाणा-चंडीगढ़, पंजाब में 31 जुलाई तक तो वहीं उत्तराखंड और पश्चिमी राजस्थान में आज और कल तेज बारिश का अलर्ट है। लखनऊ समेत 42 जिलों में रविवार से माध्यम से भारी वर्षा की पूर्वानुमान हैं। इनमें यूपी के कननैज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, रामपुर, बरेली सहित कई शहर शामिल हैं। वहीं नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा में भी भारी बारिश की संभावना है।

## मंत्री विपक्ष के नेताओं को धमकी दे रहे', ललन सिंह और रवनीत बिट्टू पर कार्रवाई हो; कांग्रेस ने ओम बिरला को लिखा पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता और सांसद गौरव गोगोई ने शनिवार को अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने संसद में संसदीय आचरण के बिगड़ते मानकों पर गहरी चिंता जताई है। गोगोई ने बिरला को लिखे पत्र लिखकर उनसे तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि बिरला सांसदों के खिलाफ निंदनीय बयान देने वालों के खिलाफ जल्दी कार्रवाई करेंगे। गौरव गोगोई ने पत्र में कहा, ठमैं



आपको लोकसभा में संसदीय आचरण के गिरते मानकों के बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त करने के लिए लिख रहा हूं, जैसा कि चल रहे मानसून सत्र के कई उदाहरणों से स्पष्ट चिंता जताते हुए गोगोई ने सरकार के मंत्रियों द्वारा विपक्षी नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का हवाला दिया ह गौरव गोगोई ने पत्र में आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) और रवनीत सिंह बिट्टू ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी के खिलाफ धमकी भरे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया।असम के जोरहाट से लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे पत्र लिखकर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने यह मांग दोनों केंद्रीय मंत्रियों द्वारा संसद में कांग्रेस की वरिष्ठतम नेता सोनिया गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ धमकी भरे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के लिए की है असम के जोरहाट से लोकसभा सांसद है। अक्सर, यह सरकार के मंत्री ही होते हैं जो विपक्षी दलों के सदस्यों के खिलाफ असंसदीय, आपत्तिजनक और धमकी भरे बयान देते हैं। उन्होंने दावा किया है कि 26 जुलाई को केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल किया। हुड्डा संसद के सदस्य भी नहीं हैं गौरव गोगोई ने आगे कहा है कि 25 जुलाई को केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का जिक्र करते हुए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सदन में अपने भाषण के दौरान सांप्रदायिक भाषा का इस्तेमाल करने का भी उदाहरण दिया है। उन्होंने इन घटनाओं को लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को लेकर सवाल उठाया है।

### 'विपक्ष की तरफ से अकेली बैठक में थी लेकिन, आपने अपमान किया,'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं, इसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं। बीजेपी शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, टीएमसी के अलावा विपक्षी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार किया है। हालांकि, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार सुबह ही दिल्ली पहुंच गईपश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज होकर नीति आयोग की मीटिंग से बाहर आ गईं।

## यूपी में रात से हो रही बारिश, दिल्ली-एनसीआर में अलर्ट; उत्तराखंड में बढ़ा गंगा का लेवल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून अपने चरम पर है, महाराष्ट्र से दिल्ली और यूपी से लेकर हिमाचल तक जमकर भीषण उमस से बेहाल मध्य और पूर्वी यूपी के लोगों को काफी राहत मिली है। लखनऊ समेत 42 जिलों में रविवार से माध्यम से भारी वर्षा



बरस रहा है। उत्तर भारत के राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में बारिश के कारण अभी भी रास्तों पर पानी भरा है। वहीं, आज भी दिनभर बादल छाए रहने के आसार हैं और बारिश होने की संभावना है, इसको लेकर मौसम विभाग अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, यूपी के कई जिलों में रात से ही तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। इससे चिपचिपी गर्मी और की पूर्वानुमान हैं। वहीं, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बनी हुई है, सड़कों पर कई फीट तक पानी भर गया है उत्तर भारत के राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में बारिश के कारण अभी भी रास्तों पर पानी भरा है। वहीं आज भी दिनभर बादल छाए रहने के आसार हैं और बारिश होने की संभावना है इसको लेकर मौसम विभाग अलर्ट जारी कर दिया है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बनी हुई है सड़कों पर कई फीट तक पानी भर गया है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में मूसलाधार बारिश से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पिछले दो दिनों से कई जिलों में बारिश हो लगातार हो रही है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के चार जिलों चंबा, लाहुल स्पीति, किन्नैर व कुल्लू को छोड़ बाकी सभी जिलों के लिए आंधी के साथ भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल के पहाड़ी इलाकों में लगातार भारी बारिश के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ा। कई पहाड़ी जिलों में मौसम विभाग ने पहले ही भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

## पहाड़ों पर बाढ़ और भूस्खलन ने मचाया कहर कई गांवों में मकान ढहे; हाईवे पर लंबा जाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**पहाड़ों में लगातार हो रही वर्षा और भूस्खलन के चलते लोगों की परेशानी बढ़ गई है। टिहरी में बादल फटने, भूस्खलन और नदी-नालों के उफनाने की घटनाओं से व्यापक पैमाने पर क्षति हुई है। बूढ़ाकेदार के तोली गांव में शुक्रवार रात बादल फटने से हुए भूस्खलन से मकान ध्वस्त हो गया। इसके मलबे में दबकर मां-बेटी की जान चली गई। घर के तीन सदस्यों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। दूसरी ओर मनाली के पास अंजनी महादेव नाले में शनिवार सुबह बाढ़ आने से मनाली-लेह मार्ग लगभग सात घंटे बंद रहा। बाढ़ आने से सड़क पर पत्थर व मिट्टी आ गई थी। उत्तराखंड के टिहरी क्षेत्र में तिनगढ़ गांव में प्रशासन ने भूस्खलन का खतरा देखते हुए गांव के लगभग 80 घरों को शनिवार सुबह ही खाली कराकर परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया था। शाम को भूस्खलन से यहां 15 मकान ध्वस्त हो गए। दोनों गांवों के लोग दहशत में हैं।पहाड़ी इलाकों में भारी वर्षा और भूस्खलन ने लगातार कहर बरपा रखा है जिसकी वजह से कई गांव खाली कराने पड़े हैं। कई जगहों पर बादल फटने से भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। इसके अलावा भूस्खलन से हिमाचल और उत्तराखंड के कई राजमार्ग बंद रहे जिससे लोग घंटों जाम में फंसे रहे। इधर कई नदियां और नालों के उफान पर होने से भी लोगों में दहशत है। प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ राजमार्ग में भूस्खलन होने से यात्रियों को नौ घंटे तक पड़ावों में ही रोका गया। देख बूढ़ाकेदार घाटी के हजारों ग्रामीण रात भर जागते रहे। उधर, झाला गांव में धर्मगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नेपाली मूल के परिवार की झोपड़ी बह गई। इस दौरान मां-बेटी लापता हो गईं। साधुओं को भी रेस्क्यू किया गया। हिमाचल में भी लगातार हो रही वर्षा से दिक्कतें बढ़ गई हैं। बुधवार रात यहां बादल फटने से भारी नुकसान हुआ था। विभिनन्‍ स्थानों पर भूस्खलन के कारण प्रदेश में



यहां करीब 2500 यात्री फंसे रहे। बद्रीनाथ हाईवे, कंचनगंगा के पास 12 घंटे से अधिक समय तक बंद रहा। उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी चार घंटे बाधित रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जिला प्रशासन को प्रभावित क्षेत्र के संवेदनशील गांवों को तत्काल चिह्नित करते हुए प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं। बादल फटने से बालगंगा और धर्मगंगा नदियों का रौद्र रूप जबकि दो लोगों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। शुक्रवार की रात और शनिवार को उत्तरकाशी में भागीरथी ने रौद्र रूप ले लिया। इस कारण भगीरथ शिला से लेकर से लेकर घाट किनारे की दुकानें खाली करवानी करनी पड़ी। उफान के कारण गंगोत्री के निकट दिशानंद महाराज आश्रम में चार कुटिया बह गईं। एक साधु का रेस्क्यू किया गया। भागीरथी के दूसरी ओर एक गुफा में फंसे तीन 10 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। इन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्षा के कारण पांच मकानों और पांच पशुशालाओं को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए कांगड़ा और सिरमौर जिले में भारी वर्षा होने का यलो अलर्ट जारी किया है। 29 से 31 जुलाई तक प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

मिर्ज़ापुर सोनभद्र







# उद्घयोग व्यापार संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी मंत्री सौपा पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रावटसगंज सोनभद्र 27 जुलाई उत्तर प्रदेश उद्‌योग व्यापार



संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया जिस पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहां की सोनभद्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण अत्यंत पिछड़ा हुआ है जिले के दूरदर्शी इलाकों में वहां के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने प्रभारी मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जिले में लगभग 1429 गांव हैं और इन गांवों के बीच एक जिला अस्पताल है जो मेडिकल कॉलेज से संबद्ध कर दिया गया है बावजूद इसके जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में हर दिन दर्जन भर मरीजों को या तो निजी अस्पताल अथवा वाराणसी जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि रावटसगंज मुख्यालय की आबादी लगभग 2 लाख होने के बावजूद कोई सिटी अस्पताल नहीं है जिला चिकित्सालय की नगर से पांच किमी दूरी होने के कारण प्राय रात्रि में साधन उपलब्ध होने के कारण मरीजों को खासकर महिलाओं बच्चों एवं बुजुर्गों को काफी सुविधा का सामना करना पड़ता है उन्होंने प्रभारी मंत्री से मांग किया कि रात्रि में शिफ्ट वाइस मेडिकल स्टोर खोले जाएं जिससे आपातकालीन स्थिति में दबाव उपलब्ध हो सके उन्होंने मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जिले की माध्यमिक व्यवस्था भी अत्यंत दयनीय है जिले में 190 से अधिक माध्यमिक विद्यालय में 46 राजकीय एवं 10 विद्यालय सरकार के अनुदान पर चलते हैं जिले में 200 एलटी ग्रेड के और 35 लेक्चरर के पद रिक्त हैं ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन नगर संयोजक अमित अग्रवाल उपस्थित रहे।

# वृक्ष हमारे पर्यावरण एवं हम सभी के लिए अमूल्य धरोहर- आशु

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को राबर्ट्सगंज विधान सभा के पीथा गांव में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने राजीव गांधी पौध रोपण अभियान



के तहत वृक्ष लगाए और कहा कि जिस प्रकार से लगातार प्रदूषण बढ़ता जा रहा है तापमान की बढ़ोतरी दिनों दिन होती जा रही है गर्मी बेतहाशा हो रही है, पहले के समय में जहां हम लोग यहां से मिर्जापुर या यहां से बनारस जाया करते थे तो सड़कों के किनारे तमाम वृक्ष लगे रहा करते थे जो राहगीरों के लिए , आने जाने वाले लोगों के लिए छाया का करते थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सड़कों की बढ़ोतरी एवं आवासीय व्यवस्था के तहत तमाम वृक्ष काटे गए और अगर देखा जाए तो उस अनुपात में वृक्ष लगे नहीं, हम सभी को पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए और जीवन को सुरक्षित व्यवस्थित बनाने हेतु एक पेड़ कम से कम जरूर लगाना चाहिए, क्योंकि वृक्ष हमें ऑक्सीजन भी देते हैं ,बरसात होने में भी उनकी अहम भूमिका होती है सड़को के किनारे तमाम राहगीर धूप से बचने के लिए वृक्ष जरुर खोजा करते हैं इसलिए हम सभी लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए और कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। कांग्रेस नेता मनोज मिश्रा ने बोला कि कम से कम एक वृक्ष जरुर लगना चाहिए अगर सभी लोग जागरुक हो जाए तो हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि वृक्षों का उपयोग तब समझ में आता है जब सड़कों के किनारे दूर-दूर तक वृक्ष नहीं मिलते और अगर कोई आराम करना चाहता है तो समझ में आता है कि वृक्ष हमारे लिए कितनी उपयोगी हैं।मुख्य रूप से उपस्थित करने वालों मेंप्रमोद,नंदलाल मौर्य,नीरज कुमार,आशीष कुमार,रामविलाश भारती, रोहित, श्रीकांत मिश्र, मनोज मिश्रा,जयवीर रहे।

# समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए बजट किया गया है प्रस्तुत- प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** प्रभारी मंत्री ने बजट पर की चर्चा वित्त और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में प्रस्तावित सुधारों को सतत विकास को बढ़ावा देने और सभी



नागरिकों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए बजट किया गया है प्रस्तुत- प्रभारी मंत्री 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्‌यमियों को दिए गए आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को किया गया है शामिल- प्रभारी मंत्री प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत 80 करोड़ से अधिक परिवारों को हर महीने मुफ्त खाद्‌यानन्न कराया जा रहा है उपलब्ध प्रभारी मंत्री प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने रविवार को सर्किट हाउस सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से बजट-2024-25 पर वार्ता की, इस दौरान उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है, भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष-2014 में जहां 2.03 ट्रिलियन डालर थी, वहीं आज वर्ष 2024 में करीब दो गुना होकर 3.94 ट्रिलियन डालर हो चुकी है, उन्होंने कहा कि वर्ष-2013-14 में रक्षा का बजट जहां 2,03,672 करोड़ रूपये था, अब 2024-25 में 14,54,773 करोड़ रूपये हो गया है, इसी प्रकार से सड़क एवं परिवहन का बजट 2013-14 में 28,942 करोड़ रूपये था, लगभग 10 गुना बढ़कर वर्ष-2024-25 के बजट में 2,78,000 करोड़ हो गया है, इसी प्रकार से स्वास्थ्य विभाग का बजट 33,278 करोड़ से बढ़कर वर्ष-2024-25 में 87,657 करोड़ रूपये हो गया है। इसी प्रकार से उच्च शिक्षा का बजट जो वर्ष-2013-14 में 26,750 करोड़ रूपये था, वर्ष-2024-25 में बढ़कर 47,620 करोड़ रूपये हो गया है, इसी प्रकार से महिला एवं बाल विकास विभाग का बजट 20,440 करोड़ रूपये था, वह वर्ष-2024-25 के बजट में बढ़कर 26,092 करोड़ रूपये हो गया, इसी प्रकार से आदिवासी कल्याण हेतु भी बजट में बढ़ोत्तरी की गयी, इसी प्रकार से युवा कल्याण मंत्रालय का बजट वर्ष-2013-14 में जो 1,219 करोड़ रूपये था, वह बढ़कर 3,442 करोड़ रूपये हो गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट-2024-25 में आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए एक व्यापक योजना की रूपरेखा दी गयी है, जिसमें अगली पीढ़ी के सुधारों पर जोर दिया गया है। उत्पादकता में सुधार, बाजार दक्षता बढ़ाने और औद्‌योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करके, सरकार का लक्ष्य एक मजबूत और समावेशी आर्थिक ढांचा बनाना है, भूमि, श्रम, वित्त और प्रौद्‌योगिकी क्षेत्रों में प्रस्तावित सुधारों को सतत विकास को बढ़ावा देने और सभी नागरिकों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्‌यमियों को दिए गए, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को शामिल किया जाएगा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत 80 करोड़ से अधिक परिवारों को हर महीने मुफ्त खाद्‌यानन्न मिल रहा है, उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए स्टाम्प ड्यूटी पहले से ही कम है, इसको और कम किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 14 मार्च,2024 तक 33 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, जिसके माध्यम से 6.50 करोड़ से अधिक मरीजों को 81,979 करोड़ मूल्य के चिकित्सा सेवा की सुविधा दी गयी है। उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर क्लस्टर किए जाएंगें, संग्रहण, भंडारण एवं विपणन हेतु सब्जी आपूर्ति श्रृंखला के लिए किसान उत्पादक संगठनों एफ0पी0ओ0 सहकारी समितियों और स्टार्ट अप्स को बढ़ावा दिया जाएगा, कृषि से आधुनिकरण को बढ़ावा और मौसम की मार से होने वाले नुकसान को कम किया जाएगा, एम0एस0पी0 में बढ़ोत्तरी की गयी है, 15 हजार महिलाओं को कृषि उद्देश्यों जैसे फसल में उर्वरक डालना, फसल की वृद्धि की निगरानी करना और बीज बोने आदि के लिए ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे महिलाओं को मिलने वाले रोजगार में वृद्धि हो सके। इस मौके पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादव, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, मीडिया बन्धुगण उपस्थित रहें।

# सावनी काव्य गोष्ठी की बही रसधार डॉक्टर रचना तिवारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**गीत कस्तूरी साहित्यिक संस्थान सोनभद्र द्वारा श्रावणी काव्य गोष्ठी आयोजन तेज नगर स्थित गीत गंगा भवन में किया गया ।संस्था की अध्यक्ष डॉक्टर




रचना तिवारी ने मां वाणी की वंदना के साथ सम्मानित उद्बोधन से गोष्ठी प्रारम्भ की।सावन के महीने में होने वाली यह गोष्ठी पूर्णतया सावनी गीतों और कजरी तथा लोकभाषा में डूबी रही ,।गज़लों ,गीत,हास्य,व्यंग,से सजी इस काव्य संध्या में एक से बढ़कर एक कविताएं पढ़ीं गई । डॉ रचना तिवारी ने चांद घूंघट उठता रहा रातभर ,चांदनी मुह छुपाती रही रातभर पढ़कर सावन सावन कर दिया । गोष्ठी का सफल संचालन कर रहे सुविख्यात विजय विनीत ने यह राम राज्य है यह राम राज्य है ,यहाँ हर गरीब की दबी हुई आवाज़ है पढ़ा।शायर अब्दुल हई ने फासले इतने हो गए यारों ,सारे रिश्ते ही खो गए यारों पढ़कर झकझोर दिया।अधिवक्ता अशोक तिवारी ने खौफ है नहीं कोई धूप में नहाने से ,हमने ज़िंदगी पाई मौत के बहाने से पढ़ा।शिक्षक कवि अरुण तिवारी ने पीढ़ियों के चिरन्तन गमन के लिए, नव्यता के सफलतम सृजन के लिए, सच की ख़ातिर हजारों मिटे हैं यहाँ, तू भी उस राह चल जागरण के लिए पढ़ी। सोन साहित्य संगम के संस्थापक राकेश शरण मिश्र ने पढ़ा मुझसे मेरा हाल न पूछो मुझसे मेरी चल न पूछो कितनी पीड़ा मै सहता हूं मेरे यार सवाल न पूछो ,।व्यंगकार मेघ विजयगढ़ी ने जिगर के ख्वाब कुछ तो अधूरे रह गए होंगे,सिसकते ही सही पर कुछ तो कहकर के गए होंगे पढ़ा। मंच की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं कविता के सुमेरु रहे आदरणीय अजयशेखर जी ने की और मुख्य अतिथि चंद्रकांत शर्मा जी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक तीरथ राज जी रहे । पढ़ी ।गोष्ठी में अमरनाथ सिंह,अरुण सिंह,पूर्व विधायक तीरथ राज जी ,बद्री नरायन मिश्रा, श्यामा प्रसाद पांडेय, संतोष पांडेय,ललिता ,दिलीप शुक्ला ,दिनेश तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

# पंचायत सहायको ने समस्याओं को लेकर सांसद को दिया ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को पंचायत



सहायको के मुख्य समस्याओं को लेकर पंचायत सहायक संघ राबर्ट्सगंज के ब्लाक अध्यक्ष विशाल सरोज के अध्यक्षता में सांसद सोनभद्र छोटेलाल खरवार को पंचायत सहायक के निमन्न समस्यायों को अवगत कराते हुए उन्हें ज्ञापन सौपा गया। जिसमे मुख्य रूप से उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश, मीडिया प्रभारी प्रेमलता, सचिव आशीष कुमार , अभिषेक शर्मा, हरिकृष्णा, आलोक कुमार, संदीप यादव, संगीता देवी, ममता, संतोष कुमार, सरिता देवी और हमारे पंचायत सहायक साथी मौजूद रहे ।। जिसमें मुख्य रूप से मानदेय बढ़ोत्तरी और मानदेय की व्यवस्था डीबीटी के माध्यम से किया जाय , प्रधान और पंचायत सहायक के मध्य अनुबंध को समाप्त किया जाय, महिला पंचायत सहायक को स्थानांतरण नीति और मातृत्व अवकाश की व्यवस्था की जाय, पंचायत सहायक के परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाय। इन सभी समस्याओं को सांसद को अवगत कराया गया इन सभी समस्याओं को सुनने के बाद सांसद के द्वारा उपरोक्त बातों को पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया।

# रील्स बनाते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** रील्स बनाने का शौक जानलेवा साबित हो रहा है। कई



लोग हादसे का शिकार हो गए हैं। इसके बाद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं। देहात कोतवाली क्षेत्र के सिरसी गहरवार गांव के पास शनिवार की शाम रेललाइन पर रील्स बनाते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।देहात कोतवाली क्षेत्र के लौरिया गांव निवासी 22 वर्षीय सोनू पुत्र गुलाब अपने साथियों के साथ घर से ढाई किमी दूर सिरसी गहरवार गांव पहुंचा। सिरसी गहरवार गांव से होकर नई रेललाइन गई है। जिस पर सिर्फ मालगाड़ी गुजरती है। सोनू अपने साथियों के साथ रेललाइन पर आ रही मालगाड़ी के साथ रील्स बना रहा था। इस दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथियों ने परिजनों को इसकी सूचना दी। घटना के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची देहात कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कटरा कोतवाल अजय सेठ ने बताया कि सिरसी गहरवार गांव में दोस्तों के साथ रील्स बनाने समय ट्रेन की चपेट में आने से सोनू की मौत हो गई।

# ओलंपिक्स हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने मौका देता है: डॉ धर्मवीर तिवारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को रावटसगंज नगर में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को बूथ संख्या 14 पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व



में सुना गया । जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, 'मन की बात' में आपका स्वागत है, अभिनंदन है इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक्स छाया हुआ है ओलंपिक्स , हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइए, चीयर फ़ॉर भारत !!वही पुणे के रहने वाले आदित्य वेंकट गणेश, पुणे के ही सिद्धार्थ चोपरा , दिल्ली के अर्जुन गुप्ता, ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार, मुंबई के रुशील माथुर और गुवाहाटी के आनंदो भादुरी साथियो, आज 'मन की बात' में मैंने इन युवा विजेताओं को विशेष तौर पर आमंत्रित किया है ये सभी इस समय फोन पर हमारे साथ जुड़े हुए हैं प्रधानमंत्री - चलिए साथियों, मुझे बहुत अच्छा लगा, आप लोगों से बात करके, और मैं आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ, क्योंकि, मैं जानता हूँ इस प्रकार के खेल के लिए काफी करनी पड़ती है, दिमाग खपा देना पड़ता है, और परिवार के लोग भी कभी-कभी तंग आते हैं - ये क्या गुणा-भाग, गुणा-भाग करता रहता है लेकिन मेरी तरफ से आप को बहुत-बहुत शुभकामनाएं हैं आपने देश का मान बढ़ाया, नाम बढ़ाया है धन्यवाद दोस्तों प्रधानमंत्री ने बताया कि आप सभी से बात करके आनंद आ गया 'मन की बात' से जुड़ने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद मुझे विश्वास है कि के इन युवा महारथियों को सुनने के बाद, दूसरे युवाओं को को ाहरदब् करने की प्रेरणा मिलेगी मेरे प्यारे देशवासियो, 'मन की बात' में, अब मैं उस विषय को साझा करना चाहता हूं, जिसे सुनकर हर भारतवासी का सिर गर्व से ऊंचा हो जाएगा लेकिन इसके बारे में बताने से पहले मैं आपसे एक सवाल करना चाहूंगा क्या आपने चराईदेउ मैदाम का नाम सुना है अगर नहीं सुना, तो अब आप ये नाम बार-बार सुनेंगे, और बड़े उत्साह से दूसरों को बताएंगे असम के चराईदेउ मैदाम को में शामिल किया जा रहा है इस लिस्ट में यह भारत की 43वीं, लेकिन की पहली साइट होगा साथियो, आपके मन में ये सवाल जरूर आ रहा होगा कि चराईदेउ मैदाम आखिर है क्या, और ये इतना खास क्यों है चराईदेउ का मतलब है यानी पहाड़ी पर एक चमकता शहर ये अहोम राजवंश की पहली राजधानी थी अहोम राजवंश के लोग अपने पूर्वजों के शव और उनकी कीमती चीजों को पारंपरिक रूप से मैदाम में रखते थे मैदाम, टीले नुमा एक ढांचा होता है, जो ऊपर मिट्टी से ढका होता है, और नीचे एक या उससे ज्यादा कमरे होते हैं मैदाम, अहोम साम्राज्य के दिवंगत राजाओं और गणमान्य लोगों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने का ये तरीका बहुत यूनिक है इस जगह पर सामुदायिक पूजा भी होती थी साथियो, अहोम साम्राज्य के बारे में दूसरी जानकारियां आपको और हैरान करेंगी 13वीं शताब्दी के शुरू होकर ये साम्राज्य 19वीं शताब्दी की शुरुआत तक चला इतने लंबे कालखंड तक एक साम्राज्य का बने रहना बहुत बड़ी बात है शायद अहोम साम्राज्य के सिद्धांत और विश्वास इतने मजबूत थे, कि उसने इस राजवंश को इतने समय तक कायम रखा मुझे याद है कि, इसी वर्ष 9 मार्च को मुझे अदम्य साहस और शौर्य के प्रतीक, महान अहोम योद्धा लसित बोरफुकन की सबसे ऊंची प्रतिमा के अनावरण का सौभाग्य मिला था इस कार्यक्रम के दौरान, अहोम समुदाय आध्यात्मिक परंपरा का पालन करते हुए मुझे अलग ही अनुभव हुआ था लसित मैदाम में अहोम समुदाय के पूर्वजों को सम्मान देने का सौभाग्य मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है अब चराईदेउ मैदाम के बनने का मतलब होगा कि यहां पर और अधिक पर्यटक आएंगे आप भी भविष्य के अपने में इस`ग्र को जरूर शामिल करिएगा मेरे प्यारे देशवासियो, 'मन की बात' के इस ाज्ेद में आपसे जुड़कर बहुत अच्छा लगाअगली बार फिर मिलेंगे, देश की नई उपलब्धियों के साथ, जनभागीदारी के नए प्रयासों के साथ, आप, 'मन की बात' के लिए अपने सुझाव जरूर भेजते रहें आने वाले समय में अनेक पर्व भी आ रहे हैं आपको, सभी पर्वों की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं आप अपने परिवार के साथ मिलकर त्योहारों का आनंद उठाएं देश के लिए कुछ न कुछ नया करने की ऊर्जा निरंतर बनाए रखे बहुत-बहुत धन्यवाद नमस्कार और बूथ के सभी कार्यकर्ता सभासद विनोद सोनी अजीत सिंह राहुल सूरज संदेश पटेल कृष्णा डब्बू तिवारी ओम प्रकाश बजरंगी सोनी नीरज और भूत के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर साथ में माननीय मोदी जी के मन की बातों को सुना और यह प्रण लिया कि एक पेड़ मां के नाम पर लगाना है।

# मिर्जापुर से प्रयागराज जा रही बस ने श्रधालुओं से भरी लोडर में मारी टक्कर मौके पर 03 श्रधालुओं की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** जोरदार टक्कर में लोडर सवार 03 श्रधालुओं की मौत 22 लोग गंभीर रुप से घायल प्रयागराज के कड़े मानिकपुर से दर्शन कर विंध्याचल दर्शन को आ रहे थे श्रद्धालु घायलों मे 05 साल का नाबालिग भी मौजूद स्थिती गम्भीर, ईलाज के लिऐ वाराणसी रेफर बस चालक टक्कर मारकर मौके से फरार, चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे मौके पर सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ईलाज के लिऐ मंडलीय अस्पताल भिजवाया घटना की सूचना पर एसपी सीटी, नितेश सिंह, एडिसनल एसपी ओपी सिंह, एडीएम शिव प्रताप शुक्ला मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा विश्वजीत दास, चिकित्सा अधीक्षक डा ए के सिन्हा ट्रॉमा सेंटर में मौजूद विंध्याचल थाना के गैपुरा चौकी अंतर्गत खैरा गांव की घटना।

# मुंबई-रांची स्पेशल ट्रेन में यात्री की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** मुंबई-रांची स्पेशल ट्रेन के जनरल कोच में सफर कर रहे यात्री की शनिवार को देर रात मौत हो गई। मिर्जापुर स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर डॉक्टर ने यात्री को मृत घोषित कर दिया।झारखंड के चतरा जिले के टिकट चौराबार निवासी मणि कुमार (24) पुत्र वासुदेव मुंबई में काम करते थे। उसकी तबीयत खराब थी। उनके भाई उन्हें मुंबई-रांची स्पेशल ट्रेन के जनरल कोच में सवार होकर घर लेकर आ रहे थे। रास्ते में उनकी तबीयत खराब हो गई।

# घर में सो रही महिला की सिर कूंचकर हत्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अहरौरा।** इमलिया चट्टी स्थित अतरौली गांव में शनिवार की रात घर में अकेले सो रही महिला की सिर कूंचकर हत्या कर दी गई।



घर में मिले फर्राटा पंखे पर खून के निशान मिले हैं। इससे फर्राटा पंखे से सिर पर हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने फर्राटा पंखे को कब्जे में ले लिया है।उधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन पहुंचे। फॉरेंसिक व डॉग स्क्वॉड की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। अतरौली गांव निवासी सावित्री देवी (45) पतनी विमल पटेल शनिवार की रात घर में अकेली सो रही थीं। इसी बीच उनकी सिर कूंचकर हत्या कर दी गई। सुबह घर से थोड़ी दूरी पर स्थित महादेव मंदिर परिसर में ग्रामीण महिलाओं के साथ प्रतिदिन दर्शन करने जाने वाली सावित्री रविवार को नहीं गईं तो महिलाओं को आश्चर्य हुआ। घर की गाय दूहने पहुंचे दूधिए ने भी आवाज दिया तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। कमरा अंदर से बंद था। फोन करने पर भी फोन भी नहीं उठा। इसके बाद दूधिया चला गया, परतु जाते-जाते उसने ग्रामीण महिलाओं को बताया कि दरवाजा अंदर से बंद है। कोई जवाब नहीं मिल रहा है। महिलाओं ने बगल के रास्ते से जाकर अंदर झांका तो सावित्री देवी अंदर बेसुध पड़ी दिखीं। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सावित्री देवी की मौत हो चुकी थी। घटनास्थल पर कुछ ईंट तथा बर्तन का ढक्कन भी पड़ा मिला। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने एएसपी ऑपरेशन ओपी सिंह, सीओ ऑपरेशन, थानाध्यक्ष बृजेश सिंह फॉरेंसिक व डॉग स्क्वॉड के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# स्पोर्ट्स



## सूर्यकुमार यादव की नजरें दूसरे टी20 में बड़े कीर्तिमान पर, टूट सकता है विराट कोहली का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के नए टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। बतौर भारतीय कप्तान सूर्या ने श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मैच में जीत हासिल की। भारत ने पहले टी20 मैच में श्रीलंका को भारतीय टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पहले टी20 मैच में शानदार फिफ्टी जड़ी। उन्होंने 26 गेंदों का सामना करते हुए 58 रन की पारी खेली। इस पारी के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया और इस दौरान उन्होंने विराट कोहली के वर्ल्ड रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। भारत की तरफ से सूर्या ने 26 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली। उन्हें मैच के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड भी मिला। इस दौरान सूर्या ने स्टार बैटर विराट कोहली के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की दरअसल, भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बैटर सूर्यकुमार कुमार को भारत-श्रीलंका के पहले टी20 मैच में 58 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड हासिल किया। सूर्या ने टी20 इंटरनेशनल के इतिहास में 16 बार प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता। इस दौरान उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीतने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली। सूर्या ने 69 मैच खेलते हुए 16 बार प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीते, जबकि विराट कोहली ने 125 टी20 मैच खेलते हुए ये अवॉर्ड अपने नाम किए थे। अब आज यानी 28 जुलाई को भारत-श्रीलंका के बीच दूसरा टी20 मैच खेला जाना है, जिसमें सूर्यकुमार यादव अगर प्लेयर ऑफ द मैच जीत जाते हैं, तो वह विराट कोहली से आगे निकल जाएंगे।



## मनु भाकर ने जगाई पदक की आस, 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 के पहले दिन खराब शुरुआत के बाद शाम होते-होते भारत के लिए अच?छी खबर सामने आई। मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। 580 अंकों के साथ वह तीसरे स्थान पर रहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97, तीसरी में 98, चौथी में 96, 5वीं में 96 और छठी में 96 अंक हासिल किए। कल खेला जाएगा फाइनल 10 मीटर एयर पिस्टल का फाइनल रविवार दोपहर 3:30 बजे से होगा। मनु भाकर पिछले 20 वर्षों में व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज हैं। आखिरी बार सुमा शिरूर एथेंस 2004 में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंची थीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 15वें स्थान पर रहीं। इसके साथ ही वह मेडल की रेस से बाहर हो गईं। सांगवान ने 573-14 का स्कोर किया।

## इंडिया और श्रीलंका पहले टी20 में लगाया रिकॉड्र्स का अंबार, कार्तिक का 6 साल पुराना रिकॉर्ड किया ध्वस्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रीलंका दौरे का आगाज जीत के साथ किया। टीम इंडिया ने 3 मैचों की कार्तिक का 6 साल पुराना रिकॉर्ड भी ध्वस्त किया इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 19.2 ओवर में 170 रन पर ढेर हो गई। भारत की तरफ से सूर्यकुमार यादव ने 58 रन की दौरान दिनेश कार्तिक का 6 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जो उन्होंने साल 2018 में बनाया था। श्रीलंका में टी20आई में भारतीय विकेटकीपर के रूप में एमएस



टी-20 सीरीज के पहले मैच में मेजबान को 43 रन से मात दी। पल्लेकेले में टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 213 रन बनाए। भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच में 49 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने कई रिकॉड्र्स अपने नाम किए। पंत ने टी20 में अपने पांच हजार रन पूरे किए और वह ऐसा करने वाले दुनिया के 100वें बल्लेबाज बने। इसके अलावा उन्होंने दिनेश पारी खेली। उनके अलावा टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी 49 रन की पारी खेली। वह अर्धशतक जड़ने से महज एक रन से चूके। इस दौरान पंत ने मैच में कई रिकॉड्र्स अपने नाम किए। ने अ्होप् रंैभ्व् का 6 साल पुराना रिकॉर्ड किया ध्वस्त दरअसल, टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20आई मैच में 49 रन की पारी खेली और वह बतौर विकेटकीपर भारत के लिए श्रीलंका में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने। पंत ने इस धोनी ने 2012 में नाबाद 23 रन की पारी खेली थी।टी20आई में पहली बार पंत 49 रन की पारी खेलकर आउट हुए। इस तरह वह 49 रन पर आउट होने वाले दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हुए। पंत से पहले भारत की तरफ से टी20आई मे 49 रन पर विराट कोहली, एमएस धोनी, रुतुराज गायकवाड़ आउट हो चुके हैं। इसके अलावा पंत ने टी20 इंटरनेशनल में अपने 5 हजार रन पूरे किए। वह ऐसा करने वाले दुनिया के 100वें बल्लेबाज बने।

## पूर्व भारतीय ओलंपियन ने की बैडमिंटन में पदक की भविष्यवाणी, कहा- मुझे यकीन है वो मेडल घर लाएंगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए बैडमिंटन में जिस तरह से पिछले कुछ सालों से प्रदर्शन किया है अगर वैसा ही प्रदर्शन ओलंपिक में जारी रहा तो




शानदार दिन रहा। सिंगल में लक्ष्य सेन जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई तो वहीं, मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग की जोड़ी ने भी जीत परचम लहराया। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबर को सीधे सेटों में 21-17, 21-14 से मात दी ऐसे में पूर्व भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर को लगता है कि इस जोड़ी के पास पदक जीतने का अच्छा मौका है। रंकीरेड्डी और शेट्टी दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के साथ बैडमिंटन में भारत के शीर्ष पदक जीतने के संभावित खिलाडियों में शामिल हैं।पूर्व भारतीय लॉन्ग जंपर और ओलंपियन मुरली श्रीशंकर का मानना है कि बैडमिंटन में चिराग और सात्विक की जोड़ी मेडल जीत सकती है। उन्होंने कहा कि दोनों भारत को बैडमिंटन में पदक मिला तय है। सात्विक और चिराग ने पहला मैच जीतकर दूसरे दौर में जगह बना ली है। पूर्व भारतीय लॉन्ग जंपर और ओलंपियन मुरली श्रीशंकर का मानना है कि बैडमिंटन में चिराग और सात्विक की जोड़ी मेडल जीत सकती है। उन्होंने कहा कि दोनों जिस तरह से पिछले कुछ सालों से प्रदर्शन किया है अगर वैसा ही प्रदर्शन ओलंपिक में जारी रहा तो भारत को बैडमिंटन में पदक मिला तय है। सात्विक और चिराग ने पहला मैच जीतकर दूसरे दौर में जगह बना ली है जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स-18 के ओलंपिक विशेषज्ञ श्रीशंकर ने कहा, हमें उम्मीद है कि वे पिछले कुछ वर्षों में किए गए अपने प्रदर्शन को दोहरा पाएंगे। सात्विक और चिराग ने एशियाई खेलों में मेंस डबल्स में स्वर्ण पदक जीता, जो ओलंपिक में ऐसा करने से कहीं अधिक कठिन है।

## खरबों रुपये खर्च करने के बाद भी सीन नदी के पानी की क्वालिटी खराब, पेरिस की मेयर ने पिछले हफ्ते लगाई थी डुबकी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 की 27 जुलाई से शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार को सीन नदी पर ओपनिंग सेरेमनी हुई। पहली बार किसी ओलंपिक खेलों की ओपनिंग सेरेमनी स्टेडियम में न होकर नदी पर हुई है। हालांकि, अब सीन नदी के पानी की क्वालिटी ने टेंशन बढ़ा दी है। लेटेस्ट टेस्ट में पता चला है कि सीन नदी के पानी की क्वालिटी तैराकी को ऑथराइज करने के लिए आवश्यक मानकों से नीचे है। ओलंपिक की शुरुआत से पहले सीन नदी पर खरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, इसके बाद भी पानी की क्वालिटी खराब है। लोगों का डर दूर करने के लिए पिछले हफ्ते पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने सीन नदी में डुबकी लगाई थी।पेरिस ओलंपिक 2024 की 27 जुलाई से शुरुआत हुई। शुक्रवार को सीन नदी पर ओपनिंग सेरेमनी हुई। हालांकि अब सीन नदी के पानी की क्वालिटी ने टेंशन बढ़ा दी है। लेटेस्ट टेस्ट में पता चला है कि सीन नदी के पानी की



क्वालिटी तैराकी को ऑथराइज करने के लिए आवश्यक मानकों से नीचे है। ओलंपिक की शुरुआत से पहले सीन नदी पर खरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं सीन नदी के पानी की क्वालिटी पेरिस के मौसम से जुड़ी हुई है। शुक्रवार रात ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भारी बारिश ने स्थिति और खराब कर दी है। अब इस बात पर गंभीर चिंताएं हैं कि क्या लंबे समय से प्रदूषित जलमार्ग पेरिस में तैराकी कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए पर्याप्त साफ होगा। पेरिस सिटी हॉल और पेरिस क्षेत्र के प्रीफेक्चर के एक बयान में कहा गया है कि पिछले सप्ताह पानी की क्वालिटी उस साइट पर 7 में से 6 दिन यूरोपीय नियमों के अनुरूप थी। यह ट्रायथलॉन और मैराथन तैराकी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने के लिए तैयार है। बयान में कहा गया है कि नियमित वर्षा के कारण सीन का फ्लो अत्यधिक अस्थिर है। यह गर्मियों में सामान्य फ्लो से दोगुने से अधिक रहता है, जो उतार-चढ़ाव वाले टेस्ट रिजल्ट को समझाने में मदद करता है।बता दें कि सीन में तैराकी पर एक सदी से भी अधिक समय से प्रतिबंध लगा हुआ है। आयोजकों ने ओलंपिक के लिए सीन को तैयार करने में लगभग 1.5 बिलियन डॉलर (1 खरब, 25 अरब रुपये) खर्च किए थे। 2015 से मध्य पेरिस में एक विशाल अंडर वाटर स्टोरेज बेसिन का निर्माण किया गया। सीवर बुनियादी ढांचे को रिनोवेट किया गया है और अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों को उनन्त किया गया।

## सूर्यकुमार यादव ने किसे बताया जीत का किस्मत कनेक्शन 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनने के बाद दिया बयान




**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले टी20घ्मैच में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 रन से जीत हासिल की। भारतीय टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों ने कमाल का परफॉर्म किया उटॉस जीतकर श्रीलंकाई ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया और पहले बैटिंग करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 4 गेंद बाकी रहते हुए 170 रन पर ही ढेर हो गई।इस तरह भारत ने ये मुकाबला अपने नाम किया। सूर्या ने बतौर टी20 कप्तान अपनी पहली जीत हासिल करने के बाद एक बयान दिया।ने पहला टी20 मैच जीतने के बाद किसे दिया क्रेडिट दरअसल, भारत के नए टी20 कप्तान के रूप में सूर्यकुमार यादव ने जीत के साथ शुरुआत की। श्रीलंका के खिलाफ पहला टी20 मैच जीतने के बाद टीम इंडिया के कप्तान सूर्या ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि भले ही श्रीलंका ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन उन्हें शुरू से लग रहा था कि मेजबान टीम के खिलाफ मैच में वह दबदबा बनाए थे, क्योंकि वह भाग्यशाली रहे कि मैच में ओस नहीं थीभारत द्वारा दिए गए 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम ने 2 विकेट पर 149 रन बना लिए थे, लेकिन फिर 21 रन पर 8 विकेट गंवाकर ये मैच उनके हाथ से निकल गया। मैच में भारत की तरफ से सूर्यकुमार यादव 26 गेंदों में 58 रन बनाए और उन्हें मैच के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। कप्तान ने आगे कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि खेल हमसे दूर चला जाएगा, जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और जिस स्थिति से हमने इसे जीता, उससे हमें याद आया कि खेल अभी भी बहुत दूर है।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्‍ रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## ओलंपिक में भारत 4X400 रिले रेस में फाइनल में पहुंचा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का क्या है सच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 की शुरुआत हो चुकी है। 27 जुलाई से मेडल राउंड की स्पर्धा शुरू हुई। भारत ने कई खेलों में अपनी चुनौती पेश की। ऐसे में सोशल मीडिया पर ओलंपिक को लेकर गलत खबरों को शेयर करने का सिलसिला शुरू हो गया है सीन नदी के किनारे हुई ओलंपिक ओपनिंग सेरेनमी के बाद भारत में सोशल मीडिया पर मेंस की 4X400 रिले रेस में इंडिया के फाइनल में क्वालीफाई करने का वीडियो शेयर किया जा रहा है। भारत की पूर्व आईपीएस और पब्लिक फिगर किरण बेदी ने भी अपने एक्स हैंडल पर इसका एक वीडियो शेयर करते हुए टीम इंडिया को बधाई दे डाली।पेरिस ओलंपिक 2024 शूरू हो गया है। पहले दिन शूटिंग में भारत की मनु भाकर को छोड़ अन्य खिलाडियों ने निराश किया। वहीं सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारत 4X400 रिले रेस के फाइनल में पहुंच गया है। सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा वीडियो गलत है। इस गलत वीडियो को खूब वायरल किया जा रहा है। इस कड़ी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी हरलीन देओल का भी नाम शामिल हुआ। हरलीन ने भी एक्स हैंडल पर रेस का एक वीडियो शेयर करते हुए भारत को फाइनल में पहुंचने की बधाई दी। हालांकि, गलत खबर होने के बाद हरलीन ने बाद में पोस्ट डिलीट कर दी। दरअसल, सोशल मीडिया पर जो वीडियो ओलंपिक 2024 का बताकर शेयर किया जा रहा है। वह साल 2023 हंगरी के बुडापेस्ट में खेली गई एथलीट चैंपियनशिप का है। उस टूर्नामेंट में अमोज जैकब, मुहम्मद अनस याहिया, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी ने 2:59.05 का समय लेकर राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा था। पेरिस ओलंपिक 2024 में 4X400 रिले रेस 9 अगस्त 2024 से आयोजित होगी। 10 अगस्त को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। यहां भी अमोज जैकब, मुहम्मद अनस याहिया, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी अपना दमखम दिखाएगी।



# सम्पादकीय

## उर्वशी ने किन शर्तों पर किया पुरुरवस से विवाह, ब्रह्मा के शाप की वजह से धरती पर लेना पड़ा जन्म

ब्रह्मा के शाप की वजह से देवलोक की अप्सरा उर्वशी को धरती पर जन्म लेना पड़ा। उसका यहां पर पुरुरवस से सशर्त विवाह हो गया। इंद्र के छल और गंधर्व तुंबरू के शाप की वजह से उर्वशी की शर्तों का उल्लंघन हो गया।एक बार ब्रह्मा के शाप के कारण देवलोक की अप्सरा उर्वशी को धरती पर जन्म लेना पड़ा। इस बीच, बुध और इला का एक पुत्र हुआ, जिसका नाम पुरुरवस था। पृथ्वी पर जन्म लेने के बाद उर्वशी की भेंट पुरुरवस से हुई। उर्वशी का सौंदर्य देखकर पुरुरवस ने उसके सामने विवाह का प्रस्ताव रख दिया। उर्वशी ने कहा, 'महाराज! मैं अप्सरा हूं और मैंने धरती पर शाप के कारण जन्म लिया है। शाप की अवधि समाप्त होने पर मैं देवलोक लौट जाऊंगी। आप मुझसे विवाह क्यों करना चाहते हैं?' पुरुरवस ने कहा, 'उर्वशी! मैं तुम्हारे सौंदर्य पर मुग्ध हूं, इसलिए तुमसे विवाह करना चाहता हूं। मैं तुम्हें सदा सुखी रखने का वचन देता हूं।' उर्वशी ने मुस्कराते हुए कहा, 'संभव है कि आपका वचन भी आपके संयम की तरह किसी दिन टूट जाए। अतः यदि आप मुझसे विवाह करना चाहते हैं, तो मेरी तीन शर्तें हैं। आपने किसी भी शर्त का उल्लंघन किया, तो मैं आपको छोड़कर देवलोक चली जाऊंगी।' 'मुझे स्वीकार है। बताओ, तुम्हारी क्या शर्त है?' पुरुरवस?ने पूछा। उर्वशी बोली, 'पहली शर्त यह है कि मेरे पास दो मेढ़े हैं, जिन्हें मैंने बच्चों की तरह पाला है। आपको उनकी रक्षा करनी होगी। दूसरी शर्त है कि मैं केवल घी का सेवन करती हूं, इसलिए मुझे किसी अन्य वस्तु के सेवन के लिए बाध्य नहीं करेंगे। तीसरी और अंतिम शर्त यह है कि संभोग के अतिरिक्त आप निर्वस्त्र अवस्था में मेरे समक्ष नहीं आएंगे।'उर्वशी की तीनों शर्तें अटपटी थीं,?किंतु उन्हें पूरा करना कठिन नहीं था। पुरुरवस ने तुरंत उर्वशी की शर्तें स्वीकार कर लीं और उससे विवाह कर लिया। उर्वशी, नृत्य और संगीत में पारंगत थी। पुरुरवस ने भी उर्वशी के साथ रहते हुए नृत्य और संगीत का ज्ञान अर्जित कर लिया। एक दिन पुरुरवस को इंद्र की ओर से देवलोक में नृत्य-संगीत के कार्यक्रम का निमंत्रण मिला। इंद्र की सभा में पुरुरवस?ने नृत्य में कुछ कमी बताई, तो तुंबरू नामक एक गंधर्व पुरुरवस से रुष्ट हो गया। उसने पुरुरवस को शाप दिया कि उसे शीघ्र उर्वशी से अलग होना पड़ेगा। उर्वशी तो पुरुरवस के साथ प्रसन्न थी, किंतु इंद्र को अपनी सभा में उर्वशी की कमी खलती थी। अतः उन्होंने गंधर्वों के साथ मिलकर उर्वशी को वापस देवलोक बुलाने के लिए चाल चली... एक दिन अर्धरात्रि के समय, उर्वशी और पुरुरवस रति-क्रीड़ा में मगन थे। तभी इंद्र के कहने पर कुछ गंधर्व, पुरुरवस के महल में घुस गए। उन्होंने उर्वशी के दोनों प्रिय मेढ़े चुरा लिए और उन्हें लेकर महल से भाग निकले। रात्रि के अंधकार में सहसा हुए हमले से मेढ़े घबरा गए और चिल्लाने लगे। मेढ़ों के चिल्लाने की आवाज सुनकर उर्वशी को चिंता हुई। उसने पुरुरवस से कहा, 'महाराज! मेरे दोनों मेढ़े चिल्ला रहे हैं। वे संकट में हैं। मेरी शर्त थी कि आपको मेढ़ों की रक्षा करनी है। इसलिए तुरंत जाइए और उन्हें संकट से बचाइए!' शर्त वाली बात सुनकर पुरुरवस हड़बड़ा गया। संभोग-क्रिया में रत होने के कारण पुरुरवस उस समय निर्वस्त्र था। जल्दबाजी में उसे उर्वशी की दूसरी शर्त याद नहीं रही और वह मेढ़ों को बचाने के लिए बिस्तर से निर्वस्त्र हालत में निकलकर मेढ़ों के पीछे भागा। इसी बीच, इंद्र के संकेत पर आकाश में जोरदार बिजली चमकी और उस तेज प्रकाश में उर्वशी ने पुरुरवस को निर्वस्त्र देख लिया। संभोग के अलावा किसी अन्य समय पर पुरुरवस को निर्वस्त्र देखने के कारण उर्वशी की शर्त भंग हो चुकी थी। उसका अब देवलोक लौट जाना निश्चित था। यहां तक कि उर्वशी ने पुरुरवस के वापस आने की भी प्रतीक्षा नहीं की और उसे छोड़कर देवलोक चली गई। इंद्र की युक्ति सफल हो गई और गंधर्व तुंबरू का शाप भी फलीभूत हो गया। आखिर पुरुरवस को उर्वशी से अलग होना पड़ा। उर्वशी के जाने से पुरुरवस अत्यंत दुखी था। कुछ समय बाद वह बद्रिकाश्रम चला गया, जहां उसने भगवान विष्णु की आराधना की। विष्णु ने प्रसन्न होकर पुरुरवस को वरदान में उर्वशी के साथ वर्ष में एक बार मिलने की अनुमति प्रदान कर दी। कालांतर में उर्वशी और पुरुरवस के मिलन के फलस्वरूप उनके छह पुत्र हुए-आयुष, श्रुतायुष, सत्यायुष, रय, विजय और जय।

## महंगाई के दौर में जीवन-यापन खर्च पर रखें नजर, लाइफस्टाइल के जाल में फंसने से बचें

बढ़ती महंगाई व घर के सदस्यों की संख्या में वृद्धि के साथ एक और महत्वपूर्ण कारक है, जो आपके खर्चे बढ़ा देता है। वह है...जीवन-यापन पर होने वाला खर्च। कमाई बढ़ने के साथ यह खर्च बढ़ता जाता है और आपको उस खतरनाक मोड़




पर लाकर खड़ा कर देता है, जहां से वित्तीय प्रबंधन करना मुश्किल हो जाता है।

हम ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब घर के खर्चे लगातार बढ़ रहे हैं। इसकी वजह...बढ़ती महंगाई या घर के सदस्यों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। खर्चों में एक और तरह की बढ़ोतरी होती है...जीवनशैली के कारण जीवन-यापन खर्चों में वृद्धि। यह थोड़ा खतरनाक पहलू है, जो उन घरों में होता है, जहां खरीद क्षमता बढ़ जाती है। हालांकि, आय बढ़ने के साथ गैर-जरूरी चीजों पर खर्च भी बजट बढ़ा देते हैं। उदाहरण के लिए...खरीद क्षमता बढ़ने के बाद लोग ऐसी चीजें खरीदने लगते हैं, जिनकी जरूरत नहीं होती है। जैसे...गैजेट, फर्नीचर, अतिरिक्त कपड़े और अन्य वस्तुएं। कार, मोबाइल फोन को बार-बार अपग्रेड करना आम बात है। छुट्टियों में घूमने, दूसरा या तीसरा घर और कार खरीदने जैसे आकाक्षाएं पूरी करने के लिए लोग कर्ज लेते हैं। आखिरकार, व्यक्ति यह भूल जाता है कि वह क्या खरीद रहा है और किस लिए। मैंने समझदार लोगों को इस जाल में फंसते देखा है। इसे अनचाही जीवन-यापन लागत के रूप में जाना जाता है। यह चक्र तब तक ठीक चलता है, जब तक प्रबंधनीय है। लेकिन, इस चक्र में एक समय ऐसा आता है, जब चीजें उतनी सस्ती नहीं रह जातीं, जितनी वे सोचते हैं कि उन्हें प्रबंधित कर लेंगे। यह घर के उन युवा सदस्यों के बीच गलत मिसाल भी स्थापित करता है, जिन्हें इस शानदार जीवनशैली की कद्र नहीं होती है। अपने खर्चों पर नजर नहीं रखने से युवा सदस्य बेहताशा पैसा बहाने के नशे में डूब जाते हैं। यह पैसे में आग लगाने की तरह है...यानी खर्च करो, खर्च करो और ज्यादा खर्च करो। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कई संपन्न परिवार अपनी जीवनशैली के खर्चों पर नजर रखने में असमर्थता की वजह से निराश हो जाते हैं। हमारा जीवन सिर्फ बड़े वित्तीय फैसले लेने के बारे में ही नहीं है, बल्कि यह छोटी आदतों से भी जुड़ा है, जो बहुत आगे तक जाती हैं। हाल ही में मैं एक वरिष्ठ नागरिक से मिला, जिन्हें अपनी सेवानिवृत्ति के दशक में अप्रत्याशित वित्तीय सफलता हाथ लगी। उन पर कोई कर्ज भी नहीं था। वह वित्तीय रूप से अच्छी स्थिति में थे। लेकिन, वह तीन बेडरूम वाले अपार्टमेंट से चार बेडरूम वाले घर में शिफ्ट होने के लाइफस्टाइल के जाल में फंस गए। वह शिफ्ट होने का खर्च उठा सकते थे, लेकिन उसकी जरूरत नहीं थी। उनके बच्चे चले गए थे। ऐसे में घर दंपती के लिए बहुत बड़ा था। साथ ही, दंपती ने नए घर की सजावट पर काफी खर्च करना शुरू कर दिया। हालांकि, इस दौरान वरिष्ठ नागरिक छोटी सी स्वास्थ्य समस्या से उबरने के लिए?पैसे खर्च करने पड़े। काडिय्क सर्जरी ने जीवन के प्रति उनके उत्साह को कम नहीं किया। वह 45,000 रुपये के मासिक घरेलू खर्च से दोगुना खर्च करने लगे। मैं उनसे पहली बार तब मिला था, जब वह सेवानिवृत्त हो चुके थे। मैंने तुरंत ही बता दिया था कि वह एक खतरनाक रास्ते पर चल रहे हैं। उन्हें मेरी बात पसंद नहीं आई, लेकिन उनकी पतने एक ऐसी जिंदगी में वापस जाने के लिए उत्सुक थीं, जहां वे अच्छी तरह से रह सकें। आज सेवानिवृत्ति के पांच साल बाद वह उदास हैं क्योंकि उन्हें एहसास हो गया कि उनकी जरूरतें कम हैं। इस बात को स्वीकार करते हुए वह नए अपार्टमेंट में दो बेडरूम वाले फ्लैट में रहने लगे। बड़ा फ्लैट किराये पर दे दिया है, जिसे मैंने बेचने का सुझाव दिया है। दंपती अब पहले की तरह वित्तीय प्रबंधन कर रहे हैं।लोगों की वित्तीय परिस्थितियां बदलती रहती हैं। उन्हें अपनी विशिष्ट जरूरतों के हिसाब से आगे बढ़ना चाहिए। गैर-जरूरी चीजों पर सिर्फ इसलिए नहीं खर्च करना चाहिए कि उनके पास ज्यादा पैसे हैं। आपको ऐसे अच्छे दोस्तों की जरूरत है, जिनकी सोच आपके जैसी हो और जो आपकी रुचियों को ध्यान में रखते हुए आपसे बात कर सकें। आपको ऐसी चीजों की ओर न ले जाएं, जो आपसे बिल्कुल भी जुड़ी न हों। वित्तीय प्रबंधन को समझना आसान विषय नहीं है। । सुनिश्चित करें कि आपने स्पष्ट लक्ष्य और अपेक्षाएं निर्धारित की हैं। जरूरत से ज्यादा खर्च के चक्कर में न पड़ें। जीवनशैली खर्चों को बढ़ाना आसान है, लेकिन उनमें कटौती कर और कम करना बहुत मुश्किल है। अपनी अधिक क्रय शक्ति क्षमता को अपने खर्चों को बढ़ाने की जरूरत न समझें।

## एनर्जी थीम वाले फंड में निवेश का बेहतर भविष्य,जोखिम उठाने को तैयार निवेशकों के लिए नए-नए ऑफर

बढ़ते औद्योगिकीकरण के चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड ने एनर्जी थीम वाले अवसरों में 4 लाख करोड़ से अधिक निवेश किया है। वे जोखिम उठाने को तैयार निवेशकों के लिए नए-नए ऑफर पेश कर रहे हैं। बढ़ते औद्योगिकीकरण के चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड एनर्जी अपॉर्च्यूनिटीज फंड एनर्जी थीम के लिए निवेश का अवसर देता है। विशेषज्ञ एनर्जी शेयरों में निवेश को आकर्षक मूल्यांकन बता रहे हैं। भारत की एनर्जी डिमांड दुनिया की चौथी सबसे बड़ी डिमांड है और अनुमान है कि आने वाले वर्षों में इसमें चार से पांच फीसदी की वृद्धि है। भारत में ऊर्जा से संबंधित निवेश के लिए विकास की गति निस्संदेह मजबूत है। मजबूत ऊर्जा मांग, सहायक सरकारी नीतियों और तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के साथ मिलकर आने वाले दशक में इस क्षेत्र से अच्छा खासा रिटर्न मिलने की उम्मीद है। तेल,




ने एनर्जी थीम वाले अवसरों में 4 लाख करोड़ से अधिक निवेश किया है। वे जोखिम उठाने को तैयार निवेशकों के लिए नए-नए ऑफर पेश कर रहे हैं। इसमें निवेश का गणित बताती अजीत सिंह की रिपोर्ट-एनर्जी थीम में 30 जून, 2024 तक निवेश 4.07 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो जून 2023 से दोगुना इक्विटी म्यूचुअल फंड ने एनर्जी थीम वाले अवसरों में 4 लाख करोड़ से अधिक निवेशऔर जून 2019 से लगभग चार गुना हो गया है। इक्विटी फंडों के साथ-साथ एनर्जी-थीम वाले फंड जैसे कि हाल ही में लॉन्च किया गया आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल होगी। फंड मैनेजर्स को अगले दशक में ऊर्जा मांग में पर्याप्त वृद्धि की उम्मीद है। जैसे-जैसे आय बढ़ रही है और जीवनशैली बदल रही है।?ऊर्जा से जुड़े अप्लायंसेज, वाहनों व आधुनिक सुविधाओं की मांग बढ़ती जा रही है। इस वृद्धि को नवीकरणीय ऊर्जा के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन जैसी सरकारी उपायों से और भी बढ़ावा मिल सकता है। लंबे समय के लिए कर सकते हैं निवेश निवेशकों को लॉन्ग टर्म अप्रोच अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मजबूत विकास क्षमता और लचीलेपन वाली कंपनियों पर ध्यान दिया जा सकता गैस और थर्मल पावर प्रमुख क्षेत्र तेल, गैस व थर्मल पावर जैसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों की कंपनियों में निवेश की संभावना दिख रही है, ताकि स्थिरता और लगातार नकदी प्रवाह की नींव रखी जा सके। उभरते क्षेत्रों की उच्च विकास क्षमता को प्राप्त करने के लिए फंड मैनेजर नवीकरणीय ऊर्जा, एनर्जी दक्षता प्रौद्योगिकियों और सहायक सेवाओं में निवेश की सलाह दे रहे हैं। किसी एक कंपनी या उप क्षेत्रों पर ज्यादा निर्भर न रहें। निवेशक मजबूत फंडामेंटल्स, मजबूत बैलेंसशीट व अनुभवी प्रबंधन टीमों वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें जो बाजार में उतार-चढ़ाव का सामना करने में मदद मिलेगी।

## बालु महेंद्र- सिनेमा को नवजीवन देने वाला शख्सियत

बालु महेंद्र ने अपनी सिनेमाटोग्राफर से तमिल फिल्म को एक नई दिशा दी और ऊंचाई पर ले गए। बालु का



पूरा नामबालनाथन बालु महेंद्रन था और उनका जन्म 20 मई 1939 को श्रीलंका में हुआ था। पर उनका कार्यक्षेत्र भारत, खासकर तमिलनाडु रहा। एक समय तकरीबन सभी हिन्दी सिने-प्रेमियों ने फिल्म 'सदमा' देखी और सराही थी। फिल्म में उस समय की हिट जोड़ी कमलहसन और श्रीदेवी मुख्य भूमिकाओं में थीं। असल में यह तमिल फिल्म 'मून्ड्राई पिरई' (1982) थी और स्वयं निर्देशक के जीवन पर आधारित थी। सिनेमाटोग्राफर राधु करमाकार प्रशन करते हैं, 'क्या एक अच्छे कैमरामैन का विकास एक अच्छे निर्देशक के रूप में हो सकता है?' आगे वे लिखते हैं, 'सिद्धांततः इस पर यकीन न करने का कोई कारण नहीं है। आखिरकार कैमरामैन का मुख्य काम निर्देशक के विचार को समझ कर उसे परदे पर रूपायित करना है, चाहे यह फिल्म के रूप में हो अथवा अभिनेताओं के अभिनय के माध्यम से हो।...इसके दो अच्छे उदाहरण हॉलीवुड की दुनिया के रुडोल्फ मैट और जेम्स वांग हॉवे हैं।' हमारे देश में इसका एक उदाहरण बालु महेंद्र हैं। बालु महेंद्र भी फिल्म-निर्देशक बनने के पहले सिनेमाटोग्राफर थे और कुछ समय बाद वे सिने-निर्देशक बने। यह अक्सर होता है, बेहतरीन फोटोग्राफार जल्द निर्देशन का काम संभाल लेते हैं और दोनों क्षेत्र में खूब बढ़िया काम करते हैं। भरतीय सिने-संसार में भी इसके कई उदाहरण मिलते हैं। बालु महेंद्र ने अपनी सिनेमाटोग्राफर से तमिल फिल्म को एक नई दिशा दी और ऊंचाई पर ले गए। बालु का पूरा नाम बालनाथन बालु महेंद्रन था और उनका जन्म 20 मई 1939 को श्रीलंका में हुआ था। पर उनका कार्यक्षेत्र भारत, खासकर तमिलनाडु रहा।

## राम कथा के ज्ञान से मन और मस्तिष्क निर्मल होता है'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)** रामकथा के श्रवण से मन के राग, द्वेष, ईर्ष्या, और भेदभाव स्वतः समाप्त हो जाते हैं। यह मन को शांत कर हिंसक भावनाओं का रोकती है। राम नाम की महिमा लक्ष्मण और मेघनाद के मध्य घोर युद्ध हुआ। शक्तिबाण के वार से लक्ष्मण मूर्च्छित हो गये। उनके उपचार के लिये हनुमान सुषेण वैद्य को ले आये और संजीवनी लाने के लिये चले गये। गुप्तचर से समाचार युद्ध के लिये कुम्भकर्ण को जगाया। युद्ध में कुम्भकर्ण ने राम के हाथों परमगति प्राप्त की। लक्ष्मण ने मेघनाद से युद्ध करके उसका वध कर दिया। राम और रावण के मध्य अनेकों घोर युद्ध हुये और अन्त में



बतलाते हुए कहा कि राम का नाम अनमोल है, यदि पापी भी राम का नाम लेता है तो उसे सदगति मिल जाती है। जिसके ह्दय में प्रभु के प्रति भाव जागते हैं, जिस पर हरि कृपा होती है। संवाद सूत्र, लम्भुआ बाबा जनवारीनाथ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक व संगीतमय श्री राम कथा के अन्तिम दिन कथा व्यास पंडित सुधांशु तिवारी जी महाराज ने लंका काण्ड का मार्मिक वर्णन करने हुए कहा कि शान्ति के सारे प्रयास असफल हो जाने पर युद्ध आरम्भ हो गया। मिलने पर रावण ने हनुमान के कार्य में बाधा के लिये कालनेमि को भेजा जिसका हनुमान ने वध कर दिया। औषधि की पहचान न होने के कारण हनुमान पूरे पर्वत को ही उठा कर वापस चले। मार्ग में हनुमान को राक्षस होने के सन्देह में भरत ने बाण मार कर मूर्च्छित कर दिया परन्तु सच जानने पर अपने बाण पर बिठा कर वापस लंका भेज दिया। इधर, औषधि आने में विलम्ब देख कर राम प्रलाप करने लगे। सही समय पर हनुमान औषधि लेकर आ गये और सुषेण के उपचार से लक्ष्मण स्वस्थ हो गये। रावण ने रावण राम के हाथों मारा गया। विभीषण को लंका का राज्य सौंप कर राम, सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या के लिये प्रस्थान किया। सीता, लक्ष्मण और समस्त वानरसेना के साथ राम अयोध्या वापस पहुँचे। राम का भव्य स्वागत हुआ। भरत के साथ सर्वजनों में आनन्द व्याप्त हो गया। वेदों और शिव की स्तुति के साथ राम का राज्याभिषेक हुआ। चारों भाइयों के दो-दो पुत्र हुये। रामराज्य एक आदर्श बन गया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा

## नौ माह में अब तक 38000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए, बदले की सनक में दीर्घकालिक हित स्वाहा

पश्चिम एशिया में युद्ध की आग कब बुझेगी? शायद इस सवाल का जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं। बीते 34 हफ्तों से अधिक समय से इस्राइल और हमास का हिंसक संघर्ष जारी है। अब तक 38,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इससे साफ है कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बदले की सनक में में दीर्घकालिक हितों का नुकसान हो रहा है।बीते वर्ष सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर जो हमला किया, वह एक अक्षम्य और जघन्य अपराध था। उस हमले में 1200 से ज्यादा इस्राइली नागरिकों की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई और 200 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था। हमास ने जिस बर्बरतापूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया, उसका बचाव नहीं किया जा सकता। इस्राइल पर हमास के हमले की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। ऐसे में हमास को दंडित करने की इस्राइल की इच्छा और उसके गुस्से को समझा जा सकता है। हमास को दंडित करने के लिए इस्राइल की ओर से गाजा में की जा रही कार्रवाई में 38,000 फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। शहर, कस्बे, इमारतें, स्कूल और अस्पताल मलबे में तब्दील हो गए हैं। अनेक असहाय फलस्तीनियों को गाजा के एक इलाके से दूसरे इलाके में मवेशियों की तरह धकेला?जा रहा है, यह तर्कसंगत नहीं लगता। जहां उन असहाय फलस्तीनियों को भेजा गया है, वहां न तो खाने का बंदोबस्त है और न ही रहने का ठिकाना, बुनियादी सुविधाओं की तो बात ही छोड़



दीजिए। जिस अमानवीय अपराध के लिए हमास को नेतन्याहू दंडित करना चाहते हैं, वह खुद अब उसी तरह बर्बरता कर रहे हैं। हालांकि हमास के हमले से लगता है कि नेतन्याहू को बहुत बड़ी राहत मिली है। भ्रष्टाचार के कई आरोपों में घिरे नेतन्याहू की सत्ता जाने के कगार पर थी। लेकिन पिछले साल अक्तूबर में जैसे ही हमास ने इस्राइल पर हमला किया, नेतन्याहू को राहत मिल गई। यहां तक कि सरकार में बैठे उनके कट्टर विरोधी भी उनका समर्थन करने लगे। तब से वह धरती से हमास को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि उनके मंत्रिमंडल के आधे मंत्रियों एवं कुछ इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) के जनरलों को भी यकीन नहीं है कि इस्राइल गाजा में युद्ध जीत रहा है। इसके अलावा, इस्राइल पर हिजबुल्ला और हुती के हमले से यह लड़ाई लेबनान और यमन तक फैल गई है। अगर इस्राइली रक्षा बल हमास के आखिरी लड़ाके को भी मार देता है, तो क्या उससे हमास खत्म हो जाएगा? अगर कोई ऐसा सोचता है, तो यह उसका भोलापन ही होगा। किसी विवाद को सुलझाने के लिए हिंसक रास्ते और तरीके, चाहे कोई भी अपनाए, गलत हैं और उनका बचाव नहीं किया जा सकता। लेकिन दुखद है कि बहुत कम मुसलमान हमास के व्यापक उद्देश्य की वैधता पर सवाल उठाते हैं। उसका उद्देश्य है-फलस्तीनी इलाकों पर इस्राइल के कब्जे को खत्म करना। सड़कों पर उतरे लाखों अरबवासियों के सामने हमास इस्राइल के प्रतिरोध का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए जब तक फलस्तीनी इलाकों पर इस्राइल का कब्जा बरकरार रहेगा, हमास जैसे हिंसक संगठन (चाहे वे किसी भी नाम से हों) फलस्तीनी युवाओं को अपनी तरफ आकर्षित करते रहेंगे। नेतन्याहू के पास इस्राइल के लिए कोई दीर्घकालिक दूरगामी दृष्टि नहीं है, बल्कि उनके लिए उनका अपना राजनीतिक अस्तित्व ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। हमास को खत्म करने के लिए उन्होंने गाजा में जो युद्ध छेड़ा है, उससे निर्दोष फलस्तीनियों को तो पीड़ा हुई ही है, इस्राइल के दीर्घकालिक हितों को भी नुकसान पहुंचा है। अगर वे यित्जाक राबिन और शिमोन पेरेज जैसे राजनेता होते, तो उन्हें एहसास होता कि इस्राइल की निर्विवाद सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद उसकी दीर्घकालिक सुरक्षा और इस्राइली लोगों की शांति के लिए बातचीत और कूटनीति के जरिये फलस्तीनियों के साथ शांति के अलावा कोई विकल्प नहीं था। यह मसला बम और मिसाइलों के जरिये नहीं सुलझाया जा सकता है! कई नेता इतिहास की धूल में दफन हो गए हैं और समय बीतता जाता है, लेकिन द्विराष्ट्र समाधान ही फलस्तीनी-इस्राइल संघर्ष को समाप्त करने का एकमात्र व्यावहारिक उपाय था, है और रहेगा। अफसोस की बात है कि गाजा और वेस्ट बैंक में अपने दस महीने लंबे अभियान के जरिये नेतन्याहू ने परोक्ष रूप से जितने लोगों को मारा है, उससे दस गुना ज्यादा भावी फलस्तीनी लड़ाकों को जन्म दिया है। एक फलस्तीनी लड़का, जिसने अपनी आंखों से अपने माता-पिता को इस्राइली बमों से मरते और मलबे के नीचे दबे हुए देखा है, अगर वह अगले दस वर्षों तक सभी बाधाओं के बावजूद जिंदा रहता है, तो 15 साल की उम्र में इस्राइलियों के लाफ बंदूक उठा सकता है। बदले की आग सिर्फ एक पक्ष को ही नहीं जलाती, बल्कि दोनों पक्षों को नुकसान पहुंचाती है। बदले की यह आग आखिर कब बुझेगी।




## अरुणाचल सरकार पूर्व अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में देगी प्राथमिकता

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पूर्व अगिन्वीर जवानों के लिए बड़ी घोषणा की है। सीएम ने घोषणा में कहा है कि सरकार स्थानीय युवाओं को अगिन्पथ योजना के तहत भर्ती के लिए प्रशिक्षण देगी। वहीं, सेवानिवृत्त अगिन्वीरों को अरुणाचल प्रदेश पुलिस, आपातकालीन और अगिन्शमन सेवाओं में भर्ती के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी। सीएम खांडू ने कहा कि यह पहल अरुणाचल प्रदेश के युवाओं को देश की सेवा करने में सक्षम बनाएगी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ठअरुणाचल प्रदेश सरकार स्थानीय युवाओं को अगिन्पथ योजना के तहत अगिन्वीर के रूप में भर्ती के लिए तैयार करने के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, ठइसके अलावा अरुणाचल प्रदेश के रिटायर अगिन्वीरों को अरुणाचल प्रदेश पुलिस, अरुणाचल प्रदेश बटालियन, आपातकालीन और अगिन्शमन सेवाओं के लिए भर्ती में वरीयता दी जाएगी। बता दें कि केंद्र सरकार ने 2022 में सेना, नौसेना और वायु सेना में 17 से 21 साल की उम्र के युवाओं की भर्ती के लिए महत्वाकांक्षी अगिन्पथ योजना शुरू की थी। इस सेवा में सेना में चार साल की नौकरी करने का मौका मिलेगा। इस योजना के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को अगिन्वीर के नाम से जाना जाएगा। चार साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद हर बैच से 25 प्रतिशत भतिर्यों को सेना की नियमित सेवा की पेशकश की जाएगी। वहीं, अगिन्वीर योजना को लेकर विपक्षी पाटिर्यां सवाल भी उठा रही हैं और सरकार में आने पर इसे खत्म करने की बात कह रही हैं। इस बीच मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत सात राज्यों ने भी अगिन्वीरों को बड़ी खुशखबरी दी है। सात राज्यों ने अगनीवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की है। सभी सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि राज्य पुलिस भतिर्यों में अगिन्वीर की नौकरी करके आए युवाओं को आरक्षण दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को लेकर कहा कि किसी भी देश और समाज को आगे बढ़ने के लिए समय-समय पर सुधार करना जरूरी होता है।



## अजीब बोला तो आग बबूला हुए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति, ' डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस को लेकर दिया आपत्तिजनक बयान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला देश की वर्तमान उप राष्ट्रपति डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीखें नजदीक आ रही हैं वैसे-वैसे दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। शनिवार को कमला हैरिस ने ट्रंप को अपने सामने छोटा और अजीब व्यक्ति बताया। इसपर पूर्व राष्ट्रपति आग बबूला हो गए। ट्रंप ने हैरिस को दुष्ट, बीमार और पागल बता दिया। इसके बाद दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर एक के बाद एक तंज कसे। दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडन जब राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे तब डोनाल्ड ट्रंप को चुनावों में बढ़त मिलती दिख रही थी, लेकिन कई सर्वेक्षणों में दर्शाया गया है कि बाइडन द्वारा अपनी उम्मीदवारी वापस लेने और कमला हैरिस के राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के बाद ट्रंप को मिली बढ़त में कमी आई है। ट्रंप और वेंस की ओर से आने वाले ज्यादातर बयान अजीब मैसाचुसेट्स में कमला हैरिस ने कहा कि ट्रंप और उनके साथी अमेरिकी सीनेटर जेडी वेंस की ओर से आने वाले ज्यादातर बयान अजीब हैं। इसके साथ ही हैरिस अपने चुनावी अभियान में ट्रंप को बूढ़ा और काफी अजीब कहा। हैरिस द्वारा ट्रंप को बार-बार 'अजीब' इसलिए बोल रही हैं क्योंकि यह शब्द उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी की रणनीति का हिस्सा है। हैरिस ने अपने पुराने पेशे वकील की तुलना ट्रंप के दोषी अपराधी के रूप में रिकॉर्ड से की।कमला हैरिस के लगातार किए जा रहे हमलों के कुछ घंटे बाद ही ट्रंप ने उनपर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि हैरिस देश को बर्बाद कर देंगी। ट्रंप ने हैरिस की सार्वजनिक सुरक्षा से लेकर आव्रजन तक के मुद्दों पर आलोचना की। ट्रंप ने कहा कि अगर कमला हैरिस जैसी पागल उदारवादी सत्ता में आती है, तो अमेरिका का सपना मर जाएगा। उन्होंने कमला हैरिस को जो बाइडन से और भी बदतर बताया।

## प्रथम विश्व युद्ध और टाइटैनिक का डूबना अमेरिका की सबसे बुजुर्ग 115 साल की महिला ने सब देखा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सबसे उम्रदराज बुजुर्ग महिला अब 115 साल की हो गई हैं। एलिजाबेथ फ्रांसिस नाम की ये महिला, वर्तमान में ह्यूस्टन शहर में रहती हैं और उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध से लेकर



टाइटैनिक के डूबने तक सब कुछ देखा है। एलिजाबेथ ने दूसरे लोगों को भी लंबी और खुशहाल जिंदगी जीने के कुछ टिप्स दिए हैं, आइए जानें उनके बारे में अमेरिका की सबसे बुजुर्ग महिला एलिजाबेथ फ्रांसिस वर्तमान में ह्यूस्टन शहर में रहती हैं और उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध से लेकर टाइटैनिक के डूबने तक सब कुछ देखा है। एलिजाबेथ ने दूसरे लोगों को भी लंबी और खुशहाल जिंदगी जीने के कुछ टिप दिया है। उन्होंने इसी के साथ ये भी बताया कि अब वो अपनी जिंदगी कैसे गुजारती हैं। द गाजियन के अनुसार, एलिजाबेथ ने दुनिया की चौथी सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति के रूप में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। वाशिंगटन पोस्ट से बात करते हुए एलिजाबेथ फ्रांसिस ने लंबी और खुशहाल जिंदगी जीने के लिए टिप भी दिया। एलिजाबेथ ने कहा कि आपको बस एक ही काम करना है वो ये है कि अपनी बात कहो और अपनी जुबान बंद मत करो।फ्रांसिस अब अपनी बेटी के साथ रहती हैं। उनकी 69 वर्षीय पोती एथेल हैरिसन ने कहा कि वे एक-दूसरे के बगल में बैठकर हंसना और टेलीविजन पर 'गुड टाइम्स' और 'द जेफरसन' के पुराने एपिसोड देखना पसंद करते हैं। उन्हें 'द प्राइस इज राइट' देखना भी पसंद है। उन्होंने कहा कि वे दोनों ही जीवन के इतने लंबे पड़ाव पर साथ होने के लिए खुद को भाग्यशाली और धन्य मानते हैं। गाड़ी के बजाय पैदल चलना पसंद द गाजिय्यन के अनुसार, फ्रांसिस का जन्म 1909 में लुइसियाना के सेंट मैरी पैरिश में हुआ था।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## सोनाक्षी सिन्हा ने शादी के बाद पहली बार किया रैंप वॉक, पिंक हाई स्लिट गाउन में दिखीं बेहद खूबसूरत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों जहीर इकबाल के साथ हैप्पी मैरिड लाइफ एन्जॉय कर रही हैं। शादी सिन्हा यूं तो कई बार रैंप पर अपना जलवा दिखाती नजर आई है, लेकिन ये पहले से भी ज्यादा खास रहा। दरअसल, शादी के बाद पहली बार रैंप पर आग लगा दी। इस मौके पर अभिनेत्री एकदम बिंदास अंदाज में रैंप पर वॉक करती दिखीं। सोनाक्षी ने एक चमकदार ब्लुश



और हनीमून एन्जॉय करने के बाद एक्ट्रेस एक बार फिर अपने काम पर लौट चुकी हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'काकुडा' रिलीज हुई थी। वहीं अब एक बार फिर एक्ट्रेस रैंप पर उतरतीं नजर आई हैं। एक्ट्रेस ने दिलकश अंदाज में रैंप वॉक किया, जिसकी एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सोनाक्षी सोनाक्षी ने फैशन शो के लिए रैंप वॉक किया न सिर्फ रैंप वॉक किया बल्कि शो-स्टॉपर भी बनीं। इंडिया कॉउचर वीक फैशन शो शनिवार को दिल्ली में आयोजित हुआ था। इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने डिजाइनर डॉली जे के लिए रैंप वॉक किया। इस खास मौके पर सोनाक्षी सिन्हा अपनी दिलकश अदाओं से गुलाबी गाउन पहना था, जिसके चारों तरफ हाई स्लिट और स्टॉन लगे हुए थे। उन्होंने इसे केप और हील्स के साथ पेयर किया गया था।इस दौरान सोनाक्षी ने द कार्डिगन्स के गाने लवफूल पर थिरकते हुए कार्यक्रम में मौजूद मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसे एक गायक ने रैंप पर प्रस्तुत किया।

## दिलीप कुमार को नौकर से क्यों पिटवाना चाहते थे राज कुमार अमरीश पुरी के विग पहनने पर कसा था तंज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चिनाय सेठ जिनके घर शीशे के बने होते हैं वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंका करते' फिल्म 'वक्त' में राज कुमार के इस संवाद पर फिल्म 'लव स्टोरी' की बात है। मैं फिल्म निर्देशित कर रहा था और राजेंद्र कुमार फिल्म के निर्माता थे। हम सभी चाहते थे कि राज कुमार फिल्म का हिस्सा बनें। राज कुमार करना होगा। दिलीप कुमार का कद छोटा है, मैं उन्हें मारते हुए अच्छा नहीं दिखूंगा।अच्छा होगा कि मैं अपने नौकरों को बुलाकर उनसे दिलीप कुमार के पात्र को



सिनेमाघरों में बैठे दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट थमती नहीं थी, वहीं 'हमराज' फिल्म में उनकी एंट्री का दृश्य, जिसमें कैमरा उनके सफेद जूतों को दिखाता है, चेहरे पर कैमरा आकर टिकने से पहले ही दर्शकों की सीटियां और तालियां बता देती थीं कि हर आयु वर्ग में उनका क्रेज किस कदर था। आदत में समाई थी साफगोई मीडिया में अक्सर कहा गया कि राज कुमार में अहंकार था, पर मुझे लगता है कि वह उनकी साफगोई थी। वह इस बात का विचार नहीं करते थे कि सामने वाला क्या सोचेगा। बेबाग बोलने की यह आदत अभिनेता बनने से पहले पुलिस में सब इंस्पेक्टर की नौकरी की वजह से थी। राज कुमार ने अमरीश पुरी के साथ 'हिंदुस्तान की कसम' और 'सूर्याः एन अवेकनिंग' जैसी कई हिट फिल्में दी थीं। एक बार दोनों साथ में शूटिंग कर रहे थे। उस दृश्य में अमरीश पुरी ने विग पहनी थी। एक टेक के बाद अमरीश पुरी संतुष्ट नहीं थे। तब राज कुमार तपाक से बोले कि विग लगाकर हर गंजा राज कुमार नहीं बन सकता। ये अमरीश जी पर तंज था, पर स्वयं के साथ भी उन्होंने विनोद किया था। दरअसल राज कुमार स्वयं विग लगाते थे, ये स्वीकार करने में उन्हें हिचक नहीं थी, हालांकि वह कभी बगैर विग किसी के सामने नहीं आए। असल जीवन में भी हीरो असल जीवन में भी उनका स्टाइल अलग ही था। को राजेंद्र कुमार के घर बुलाया गया, उन्होंने कहानी सुनी और वो फिल्म करने को राजी हो गए। उन्हें लड़की के पिता का रोल करना था, उन्होंने ये भी हामी भरवा ली कि शूटिंग से 15 दिन पहले वह कश्मीर आएंगे। घूमेंगे-फिरेंगे, गोल्फ खेलेंगे, तब शूटिंग करेंगे। उन्हें साइनिंग अमाउंट दिया गया। लिफाफे को चूमकर उन्होंने रख लिया। राज कुमार की गाड़ी आगे बढ़ गई। हम सब राहत की सांस ले रहे थे कि सब फाइनल हो गया, इतनी देर में गाड़ी रिवर्स होकर आई और राज कुमार ने पूछा कि लड़के के पिता का रोल कौन करेगा, तब मैंने बताया कि राजेंद्र जी करेंगे। राज कुमार ने कहा कि तुम निर्देशक तो अच्छे हो, पर ऐसा तो हो नहीं सकता कि राजेंद्र कुमार के साथ राज कुमार काम करेंगे। इतना कहकर उन्होंने लिफाफा लौटा दिया। राजेंद्र कुमार वहीं सामने खड़े थे, पर वो उनकी ओर मुखातिब तक नहीं हुए। राज कुमार ने इस बात का हमेशा ध्यान रखा कि उनका पात्र दमदार हो। सह कलाकारों को लेकर भी उनकी अपनी पसंद थी। 'पैगाम' के बाद से ही दिलीप कुमार के साथ उनके रिश्ते में खिंचाव था। मेरे पिता एच.एस. रवेल फिल्म 'संघर्ष' में दिलीप कुमार और राज कुमार को लेना चाहते थे। राज कुमार ने कहानी सुनी और बोले कि क्लाइमेक्स में थोड़ा बदलाव पिटवाऊं। बहरहाल उस फिल्म में दोनों के साथ आने को लेकर बात नहीं बनी। करीब 32 वर्ष बाद 'सौदागर' में दोनों साथ आए। दिलीप कुमार भी बतौर अभिनेता राज कुमार का सम्मान करते थे। राज कुमार को कैंसर होने की बात सुनकर मेरे पिता व्यथित थे। हम उन्हें देखने उनके घर गए। उतनी पीड़ा में भी उनकी जिंदादिली कायम थी। उन्होंने कहा कि राज कुमार को छोटी बीमारी फ्लू तो नहीं ही होगी, कैंसर ही होगा। अंतिम दिनों में वह उत्तराखंड में रानीखेत स्थित अपने फार्महाउस जाना चाहते थे ताकि भीड़ से दूर एकांत में अंतिम सांस ले सकें, लेकिन व्हील चेयर पर जाना पड़ता। लोग उन्हें बीमारी की हालत में ना देखें, इसलिए वे मुंबई में ही रहे। बेबस दिखना राज कुमार का मिजाज था ही नहीं। तीन जुलाई, 1996 को तड़के राज कुमार की मृत्यु हुई तो उनके घर के सामने रहने वाले पुलिस अधिकारी के माध्यम से यह समाचार दिलीप कुमार को मिली। उन्होंने अमिताभ बच्चन को बताया। राज कुमार के अंतिम संस्कार में सबसे पहले वे दोनों ही पहुंचे थे। राज कुमार नहीं चाहते थे कि उनकी मृत्यु की खबर से उनके प्रशंसक दुखी हों। चंद लोगों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार हुआ।

## इस कंटेस्टेंट ने टॉप 5 में मारी बाजी ,ओटीटी 3 के पहले फाइनलिस्ट का नाम आया सामने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कंट्रोवशिय्यल रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' जल्द ही अलविदा लेने वाला है। शो का पर हर कोई अपने फेवरेट कंटेस्टेंट्स को सपोर्ट कर रहा है। फिल्म फ्रैटर्निटी के अधिकतर लोगों ने रणवीर शौरी को सपोर्ट



ग्रैंड फिनाले नजदीक है। हाल ही में शिवानी कुमारी और विशाल पांडे (र्झेप्त् ईह्ब) का शो से एविक्शन हो गया। विशाल के एलिमिनेशन ने न सिर्फ बिग बॉस में उनके दोस्तों को, बल्कि फैंस तक को इमोशनल कर दिया। अब घर में कुछ ही कंटेस्टेंट्स बाकी हैं। इस बीच टॉप 5 में पहुंचने वाले पहले कंटेस्टेंट का नाम सामने आ चुका है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' में विशाल पांडे के एविक्शन के साथ ही अरमान और विशाल का किस्सा भी अब खत्म हुआ। कम से कम शो में उनकी तू तू-मैं मैं नहीं सुनने को मिलेगी। वहीं, विशाल और शिवानी के एलिमिनेशन के बाद शो में अब साई केतन राव, लवकेश कटारिया, रणवीर शौरी, अरमान मलिक, कृतिका मलिक, सना मकबूल और नेजी फिनाले की ओर बढ़ गए हैं। इनमें से एक कंटेस्टेंट के टॉप 5 में ही पहुंचने की खबर सामने आई है। सोशल मीडिया किया है। कुछ दिन पहले शहनाज गिल ने उनके लिए नए कपड़े भी भेजे थे। वहीं, यूट्यूबर्स के फैंस अपने-अपने पसंदीदा लोगों को सपोर्ट कर रहे हैं। कोई चाहता है कि नेजी विनर बने, तो किसी की ख्वाहिश है कि लवकेश कटारिया के पास ट्रॉफी जाए। इस बीच टॉप 5 के लिए जिस कंटेस्टेंट का नाम सामने आया है, वह कोई और नहीं, बल्कि रणवीर शौरी हैं। फैन पेज बिग बॉस खबरी के अनुसार, रणवीर टॉप 5 में पहुंचने वाले पहले फाइनलिस्ट हैं। हालांकि, उनका नाम सुन कुछ यूजर्स को खास खुशी नहीं हुई। यूजर्स ने लिखा, 'रणवीर टॉप 5 के सबसे अनडिजर्विंग कंटेस्टेंट हैं।' बिग बॉस ओटीटी 3 के ग्रैंड फिनाले की डेट 2 अगस्त है। बीते दिन होस्ट अनिल कपूर ने यह साफ कर दिया कि यह वीकेंड का वार का आखिरी हफ्ता है।

## कभी फौजी बनना चाहते थे अभिनेता इकबाल खान बोले- 'फिर मुझे एक्टिंग के कीड़े ने काट लिया'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सेना के जवानों के शौर्य, समर्पण और वीरता से जुड़ी कहानियां सुनने के बाद ज्यादातर लोगों के मन में कभी न कभी सेना से जुड़ने का विचार तो आता ही वह वायु सेना में शामिल नहीं हो पाए।टीवी शो कैसा ये प्यार है में अंगद खनन के किरदार से घर-घर में पहचान बनाने वाले अभिनेता र्घ्ति र्खेह अब बड़े पर्दे पर भी नजर आते हैं लेकिन उन्हें असल पहचान छोटे दिलचस्पी बढ़ी। मैंने फौज में जाने का पूरा मन बना लिया था। हालांकि, हर बच्चे की तरह जैसे-जैसे मैं बड़ा होता गया, मेरे मन में करियर को लेकर कई दूसरे विचार भी आने लगे। स्कूल से निकलने के बाद



है। वैसे भी सेना से जुड़ने को लेकर देश के युवाओं में उत्साह सदैव रहा है। हिंदी सिनेमा में भी कई ऐसे कलाकार हैं, जो सिनेमा जगत में आने से पहले कभी न कभी सेना से जुड़ने के बारे में सोच चुके थे। इस वजह से भारतीय सेना में जा पाए इकबाल फिल्म 'फंटूश' और वेब सीरीज 'क्रैकडाउन' के अभिनेता इकबाल खान भी एक समय में भारतीय सेना से जुड़ने के इच्छुक थे। इकबाल बताते हैं, 'स्कूल के दिनों में मेरे मन मे फौज से जुड़ने का विचार आया था। वहां मेरे हेडमास्टर कैप्टन ए. जे. सिंह एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) से थे। एनडीए करने के बाद वह वायु सेना से जुड़ना चाहते थे, लेकिन आंखों में कुछ समस्या के कारण पर्दे पर ही मिली। उन्होंने इस शो के बाद कई सुपरहिट शोज में काम किया। बता दें अभिनेता इकबाल खान भी एक समय में भारतीय सेना से जुड़ने के इच्छुक थे। आगे उन्होंने बताया कि उनके जरिए हम फौज और एनडीए से जुड़ी कई सारी चीजें जानते तथा उनकी कहानियां सुनते थे। उस समय हॉस्टल में हमें उनकी बताई गई सेना की वो कहानियां और वहां की जिंदगी बड़ी दिलचस्प लगती थी। उनकी बातें सुनकर ही फौजियों की जिम्मेदारी, उनका सम्मान, उनकी जिंदगी में हीरोइज्म के बारे में पता चला था। अभिनेता ने आगे बताया कि, हमारे मन में फौजियों की एक लार्जर दैन लाइफ छवि बन गई थी, जिसके बाद फौज को लेकर मेरी भी मुझे एक्टिंग के कीड़े ने काट लिया और मैं इस क्षेत्र में चला आया।' टीवी में भी काम कर चुके हैं इकबाल इकबाल खान को बड़े पर्दे से ज्यादा छोटे पर्दे पर कामयाबी मिली है। उन्होंने शो कैसा ये प्यार है में अंगद खनन के रूप में अपना डेब्यू किया था। इस भूमिका ने उन्हें तुरंत स्टार बना दिया था। इसके तुरंत बाद उन्होंने काव्यांजलि में शौर्य और कहीं तो होगा में रघु का किरदार निभाया। इसके बाद उन्होंने शो छोटा है आसमान के साथ वायु सेना अधिकारी अभिमन्यु अधिकारी से वापसी की। पर्सनल लाइफ की बात करे तो उन्होंने सन्हा छाबड़ा से शादी रचाई। आज ये कपल दो बच्चों के पेरेंट्स भी है।

## लंदन शिफ्ट हो चुके हैं रॉक ऑन अभिनेता पूरब कोहली बोले- 'यहां गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** माई ब्रदर निखिल', 'रॉक मम्मी ने पकड़ा और खूब मार पड़ी। तब मेरी उम्र 15-16 साल रही नहीं था। तब मैंने वह बात उसके माता-पिता से बता दी। पहले तो



ऑन' और 'नूर' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके अभिनेता पूरब कोहली काफी समय से लंदन में रह रहे हैं। वहां रहते हुए उन्हें भारतीय सिनेमा में काम पाने में थोड़ी मुश्किलें जरूर होती हैं, लेकिन वह अब वहीं अपने लिए नए और बेहतर मौके तलाश रहे हैं। इसके साथ ही उनकी कोशिश हिंदी सिनेमा में भी लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखने की है। इस क्रम में वह बीते दिनों सोनी लिव पर प्रदर्शित वेब सीरीज '36 डेज' में नजर आए थे। इस शो की टैगलाइन है 'सीक्रेट्स आर इंज्यूरियस टू हेल्थ' (रहस्य स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं)। 'मैं पूरे साल झूठ बोलता रहा' अपनी जिंदगी से जुड़े हानिकारक रहस्यों के बारे में पूरब बताते हैं, 'बचपन में हम कई चीजें माता-पिता से छिपाकर रखते हैं। मैंने तो पूरे एक साल बिल्कुल भी पढ़ाई नहीं की थी, न ही कॉलेज गया था। पूरे साल झूठ बोलता रहा कि कॉलेज जा रहा हूं, एक दिन होगी। मुझे याद है कि जिस दिन मैं पकड़ा गया था, मुझे सजा जरूर मिली, लेकिन तब मुझे अपने कंधों पर जो हल्कापन महसूस हुआ, वो मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी। (हंसते हुए) मेरे लिए तो सीक्रेट रखना बहुत खतरनाक रहा है।अभिनेता पूरब कोहली (र्डीं ख्द्यप्त) बॉलीवुड फिल्मों के अलावा हॉलीवुड फिल्मों में भी काम कर चुके हैं । उन्होंने हॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत शो 'सेंस 8' से की थी । इस शो के बाद अभिनेता ने लंदन शिफ्ट हो गए थे और अब वहीं रह रहे हैं । हालांकि काम के सिलसिले में इंडिया आते रहते हैं । जब बात आती है दूसरों के सीक्रेट अपने साथ रखने की तो मैं रख सकता हूं, लेकिन जब मुझे लगता है कि वह सीक्रेट सामने वाले व्यक्ति के लिए अच्छा नहीं है, तो मैं नहीं रखूंगा। मेरे एक दोस्त के साथ ऐसा हुआ था। दरअसल, उसने मुझे अपना एक सीक्रेट बताया था, लेकिन वह सीक्रेट उसके लिए अच्छा वह नाराज हुआ, साल भर तक उसने मुझसे बात नहीं की, लेकिन अब वह मेरा सबसे अच्छा दोस्त है।' क्या लंदन में रहने से काम मिलने पर भी फर्क पड़ता है इस पर वह कहते हैं, 'बिल्कुल, भारत से दूर रहने से काम मिलने और संपर्क बनाए रखने पर फर्क तो पड़ता ही है। हालांकि, लंदन में रहते हुए मेरी कोशिश रहती है कि मैं यहां (लंदन) और अमेरिका की फिल्म इंडस्ट्री से भी अपने लिए काम निकालूं। मैं यहां तब शिफ्ट हुआ था, जब मैं हॉलीवुड शो 'सेंस 8' कर रहा था। उसके तीन सीजन करने के बाद मुझे 'मैट्रिक्स 4' में भी एक छोटा सा रोल मिला।अब इस साल मैंने दो ब्रिटिश फिल्में की हैं। यहां गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। भारत में भी हर साल मेरी कुछ न कुछ शूटिंग होती रहती है। ऐसा नहीं है कि काम बंद हो गया है, भाग्य से मेरी तीन-चार फिल्में हैं, जो मैंने मुंबई में शूट की हैं।

## साक्षी तंवर नहीं करती रेस में यकीन, 'दंगल' एक्ट्रेस को पिता से मिली थी ये सीख

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जीवन में कई बार ऐसे मोड़ आते हैं, जहां समझ में नहीं आता कि क्या करना चाहिए। ऐसे में उस वक्त सही राय देने वाले लोग लाइफ को लेकर बात की है। एक्ट्रेस ने बताया है कि कैसे कई बार हमें छोटी-छोटी बातों से जीवन की बड़ी दिशा मिल जाती है। यह सोच मेरे लिए आगे किसी काम को करने, न



याद रह जाते हैं। 'दंगल' फिल्म अभिनेत्री साक्षी तंवर के जीवन में वह इंसान उनके माता-पिता और निर्माता एकता कपूर हैं। साक्षी कहती हैं, 'कई बार हमें छोटी-छोटी बातों से जीवन की बड़ी दिशा मिल जाती है। एक बार मैं एकता कपूर के साथ शो कर रही थी। मैंने उन्हें कहा कि अब कुछ और करना चाहती हूं। तब एकता ने कहा था कि तुम्हारा जो काम करने का तरीका है, वह अनोखा है, वही तुम्हारा ब्रांड है, उसे मत खोना। मैंने करियर के शुरुआत में ही यह सीख लिया कि मैं जो कर रही हूं, उससे मेरा ब्रांड बना है, उसे जीवित रखना है। जो भी विषय मेरे इस ब्रांड को सपोर्ट करेगा, मैं वही काम करूंगी।छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस साक्षी तंवर आज इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं। टीवी शो के साथ-साथ उन्होंने दंगल समेत कई फिल्मों में भी काम किया है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल करने का निणय्र लेने के लिए सबसे बड़ा सहारा बना।' इस ग्लैमर जगत में साक्षी परिवार का साथ भी बहुत जरूरी मानती हैं। वह आगे कहती हैं, 'परिवार ही होता है, जो हर छोटी-बड़ी परिस्थितियों से बाहर निकालता है। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे माता-पिता ने हर मोड़ और परिस्थिति से निपटना सिखाया है। एक वक्त था जब मैं बहुत सारी चीजें एक साथ कर रही थी। मैं थक जाती थी, अच्छे पैसे कमा रही थी, लेकिन खाने और सोने का वक्त तक नहीं मिल रहा था। मुझे आराम भी चाहिए था और काम भी नहीं छोड़ना था। तब पापा ने मुझे बैठाकर पूछा कि किस चीज के पीछे भाग रही हो। अगर केवल पैसे के लिए काम कर रही हो, तो मत करो।

## पनौती' बनकर तुषार करेंगे प्रियंका चाहर की नाक में दम 'दस जून की रात' के ट्रेलर के साथ रिलीज डेट आउट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे की जानी-मानी एक्ट्रेस और रियलिटी शो बिग बॉस 16 की कंटेस्टेंट रह चुकी प्रियंका चाहर चौधरी इस समय अपनी वेब सीरीज 'दस जून की रात' को लेकर सुखिर्यों में बनी हुई हैं। इस सीरीज में वह अभिनेता तुषार कपूर के साथ नजर आने वाली हैं। अब मेकर्स ने इसका ट्रेलर जारी करते हुए रिलीज डेट भी रिवील कर दी है। यह कॉमेडी-थ्रिलर सीरीज रानीगंज शहर पर आधारित होने वाली है। पहली बार तुषार-प्रियंका किसी सीरीज में साथ नजर आने वाले हैं और ऐसे में इनके फैंस भी दोनों की जोड़ी को साथ में देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। 'दस जून की रात' ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होने वाली है। इसके ट्रेलर में देखा जा सकता है कि इस सीरीज में तुषार कपूर का किरदार भाग्येश के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसे लोग पनौती भी समझते हैं, क्योंकि जब वह पैदा हुए तो थिएटर बंद हो गया और स्कूल गए तो छत गिर गई। वहीं, अब पनौती का एकमात्र सपना अपने थिएटर को फिर से खोलना और अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाना है। हालांकि, उनका यह सपना इतनी आसानी से पूरा होने वाला नहीं है। इसके लिए उन्हें कई उथल-पुथल वाले मोड़ों से गुजरना होगा। इसमें उनका साथ देंगी प्रियंका चौधरी। फैंस है इसे लेकर एक्साइटेड इस सीरीज को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने ट्रेलर के वीडियो पर कमेंट करते हुए अपने-अपने रिएक्शन दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज ( उ.प्र. ) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। ( उ.प्र. ) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।